
# दिल्ली में आग संबंधी मौतों की संख्या में 74 प्रतिशत की कमी: आधिकारिक आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में आग से संबंधित मौतों की संख्या में इस साल 74 प्रतिशत की कमी आयी है। इस वर्ष 24 फरवरी तक आठ व्यक्तियों की मौत हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 31 मौतें हुई थीं। यह जानकारी दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के आंकड़ों से मिली। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में आग लगने की घटना में छह लोगों की मौत हुई और 24 फरवरी तक दो लोगों की मौत हुई। यह पिछले साल की तुलना में उल्लेखनीय कमी दर्शाता है। पिछले साल जनवरी में कुल 15 लोगों की मौत हुई थी और 24 फरवरी तक 16 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, पिछले वर्ष जनवरी में आग की घटनाओं में 51 लोग बच गए थे या घायल हुए थे, जबकि इस वर्ष जनवरी माह में आग की घटनाओं में 38 लोग बच गए या घायल हुए। चौबीस फरवरी तक के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल आग की घटनाओं में 34 लोग बच गए या घायल हो गए थे, जबकि इस साल आग की घटनाओं में 42 लोग बच गए या घायल हो गए। डीएफएस द्वारा जनवरी में प्राप्त आग संबंधी कुल कॉल में इस वर्ष कमी देखी गई है, जो पिछले वर्ष 1,204 थी, जबकि इस वर्ष 938 कॉल प्राप्त हुई हैं। इसके अगले महीने के शुरुआती 24 दिनों के आंकड़े बताते हैं कि पिछले वर्ष आग संबंधी 834 कॉल प्राप्त हुई थीं, जबकि इस वर्ष 932 कॉल प्राप्त हुई हैं। इस साल जनवरी में डीएफएस को प्राप्त कुल कॉल में भी गिरावट आई है। पिछले साल जहां दमकल विभाग को 2,502 कॉल आयी थीं, वहीं इस साल यह संख्या 2,183 रही। हालांकि, आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी में पिछले वर्ष 1,766 कॉल प्राप्त हुईं, जबकि इस वर्ष पहले 24 दिनों में 1,811 कॉल प्राप्त हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग ने पिछले साल जनवरी में 182 लोगों को और उसके अगले महीने 24 फरवरी तक 209 लोगों को बचाया था, जबकि इस साल इसी अवधि में पहले महीने में 176 और दूसरे महीने में 137 लोगों को बचाया गया। आंकड़ों के अनुसार, अग्निशमन विभाग ने पिछले साल 24 फरवरी तक कुल 509 जानवरों को बचाया था, जबकि इस साल इसी अवधि में 490 जानवरों को बचाया गया। पिछले साल 435 पक्षियों को बचाया गया था, जबकि इस साल इसी अवधि में 351 पक्षियों को बचाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले साल 24 फरवरी तक विभाग को कचरे में आग लगने से संबंधित कुल 392 कॉल प्राप्त हुईं, जबकि इस साल इसी अवधि में 387 कॉल आयीं।

## खबर संक्षेप

### हथियार के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर डालने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एएटीएस ने अवैध हथियार के साथ व्हाट्सएप स्टेटस पर फोटो लगाने वाले 30 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। इसे नजफगढ़ इलाके से पकड़ा गया है। आरोपी का नाम विवेक बताया गया है। वह लोकल बदमाशों से प्रभावित था और अपने सर्कल में दोस्तों व जानकारों के बीच धाक जमाने का प्रयास कर रहा था। इसके पास से एक देशी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार नजफगढ़ के स्थानीय बदमाशों से प्रभावित होकर विवेक आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने लगा। अपने साथियों के बीच भय पैदा करने के लिए वह अक्सर हथियार रखता था और उनके साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था। पुलिस विवेक के सोशल मीडिया प्रोफाइल पर कड़ी निगरानी रख रही थी। इसे नजफगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार विवेक उत्तर प्रदेश के मैनपुरी का रहने वाला है और दिल्ली आने के बाद गैंगस्टर काला जठेड़ी से जुड़े एक शार्प शूटर के संपर्क में आया था।

### मर्डर केस में पांच महीनों से फरार नाबालिग दबोचा

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की जीटीबी एंक्लेव पुलिस ने एक किशोर को पांच महीने की तलाश के बाद पकड़ा है। इसके खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का केस दर्ज था। यह वारदात 29/30 सितंबर 2024 की मध्यरात्रि को सामने आई थी। पुलिस के अनुसार तीन दोस्त अनुराग (मृतक), रिंकू और आकाश मोटरसाइकिल पर एक क्लब से लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने किशोर व उसके साथियों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी झड़प हो गई। विवाद तेजी से बढ़ा और छह आरोपी किशोरों द्वारा तीन दोस्तों पर चाकुओं से हमला कर दिया। इस हमले में अनुराग को 13 चाकू मारे गये थे और उसकी मौत हो गई थी। जबकि रिंकू समेत दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हुये थे। मामले में पांच आरोपियों अर्जुन, रोहित, गोपाल, अभिषेक कुमार उर्फ डोरेमोन और नाबालिग को पकड़ लिया गया था। जबकि मुख्य संदिग्ध नाबालिग फरार है। उसके लोनी के कई ठिकानों पर कई छापे मारे गए थे लेकिन वह पकड़ से बच रहा था। उसने अपने सभी मोबाइल फोन नंबरों के साथ-साथ सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी बंद कर दिए थे। 8 जनवरी को कड़कड़डूमा कोर्ट की अदालत ने गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिया था। हाल ही में इसके लोनी में अपने दोस्तों से मिलने आने का पता चला था। पुलिस ने जाल बिछाकर इसे दबोच लिया।

### नजफगढ़ इलाके में गैस पाइपलाइन में लगी आग

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के नजफगढ़ इलाके में शुक्रवार को तड़के एक गैस पाइपलाइन में आग लग गई। इस हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। संबंधित विभाग ने पाइपलाइन रिपेयर कर दी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार आग की यह घटना तुड़ा मंडी के पास हुई। आग लगने की सूचना सुबह तीन बजकर 28 मिनट पर दमकल को मिली। सूचना मिलते ही चार दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन विभाग ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था घोषित

# पोंजी स्कीम की आड़ में 300 से ठगी, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने पोंजी स्कीम की आड़ में लगभग 300 लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले दो भगौड़े जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नौ सालों से फरार चल रहे थे। इन्हें कोलकाता से पकड़ा गया। दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 2013 में आरोपी व्यक्तियों ने हनीबी म्यूचुअल बेनिफिट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक कंपनी बनाई। उसका पंजीकृत कार्यालय 22, प्रथम तल, महिंद्रा पार्क, जहांगीरपुरी और मुख्य कार्यालय 20/9, एनएससी रोड, कोलकाता में था। कंपनी के निदेशकों अनिर्बान मजूमदार, जॉयदीप सिन्हा और अमिताव चौधरी ने छोटे निवेशकों को मासिक आधार पर कंपनी में निवेश करने के लिए लुभाने वाली कुछ योजनाएं शुरू की थी। यह पैसा एजेंटों के एक विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से एकत्र किया गया था जिन्हें कमीशन का भुगतान किया गया था। कंपनी ने ऊंचे रिटर्न का वादा किया था। शुरुआत में कुछ निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उन्हें पैसे लौटाए गए। हालांकि डेढ़ साल बाद कंपनी और उसके प्रमुख लोगों ने रातों-रात दफ्तर बंद कर दिये थे। 300 से अधिक निवेशकों ने अपना पैसा गवां दिया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 2016 में मामला दर्ज किया था। शुरुआत में आरोपी अनिर्बान मजूमदार को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि जमानत मिलने के बाद वह कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने में विफल रहा। कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ इसे भी भगौड़ा घोषित कर दिया गया था। एफआईआर दर्ज होने पर कंपनी के निदेशक दिल्ली से फरार हो गए थे। कंपनी में प्रमुख पदों पर रहे लोगों ने निवेशकों का पैसा हड़पने के बाद अपना पता भी बदल लिया था। भगौड़ा अपराधी घोषित होने के बाद इनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। कंपनी निदेशक जॉयदीप सिन्हा और अमिताव चौधरी कभी गिरफ्तार नहीं हुए। हाल ही में आरोपी व्यक्तियों के पश्चिम बंगाल में होने का पता चला था। विभिन्न स्थानों पर छापा मारा गया। कई दिनों की छापेमारी के बाद दो अनिर्बान मजूमदार निवासी कोलकाता और जॉयदीप सिन्हा निवासी दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## भजनपुरा में फायरिंग से आधी रात फैली सनसनी

- कोई घायल नहीं, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार भजनपुरा इलाके में एक मकान के बाहर गुरुवार आधी रात फायरिंग की गई। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। बदमाशों का कई घंटे बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस के अनुसार देर रात करीब सवा एक बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फायरिंग की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर भजनपुरा थाने की एक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर मिले शाहनवाज (39) ने बताया कि रात करीब एक बजकर पांच मिनट पर उसके घर के बाहर फायरिंग की गई। पुलिस को घर के गेट के पास चार गोली के खोखे मिले। शाहनवाज ने बताया कि उसने बाहर निकलकर देखा तो दो लोग हवा में गोलियां चला रहे थे। उसे देखकर बदमाश स्कूटी पर भाग खड़े हुये। शाहनवाज का कहना है कि घटना से पहले उसे कोई धमकी नहीं मिली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने साक्ष्य के लिए घटनास्थल का मुआयना किया है। पुलिस अधिकारी आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## दिल्ली पुलिस ने चेहरा पहचानने वाली तकनीक का इस्तेमाल कर चोरी का मामला सुलझाया, दो पकड़े



नयी दिल्ली, 28 फरवरी (भाषा)

दिल्ली पुलिस ने चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) तकनीक की मदद से चोरी का एक मामला सुलझाने के साथ ही इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोरी की गई 5.87 लाख रुपये की नकदी के साथ ही चोरी के आभूषणों से टूटे हीरे और मोती बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि 16 फरवरी को पीसीआर कॉल पर सूचना मिली कि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक घर में चोरी हो गई है। शिकायतकर्ता नवीन कुमार चोपड़ा ने बताया कि उनके घर में सेंधमारी की गई और सोने के आभूषण चोरी हो गए। उन्होंने बताया कि नवीन की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और संदिग्ध की स्पष्ट तस्वीर हासिल की।

अधिकारियों ने बताया कि एफआरएस तकनीक का उपयोग करते हुए संदिग्ध की पहचान तिमारपुर निवासी इमरान (28) के रूप में की गई, जो एक आदतन अपराधी है और पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। टीम ने आरोपी के पैतृक गांव स्थित घर पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि उसने चोरी के आभूषण सचिन वर्मा (36) नामक एक सुनार को बेच दिए थे। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भीष्म सिंह ने बताया कि इमरान के खुलासे के बाद पुलिस ने 5.87 लाख रुपये नकद और हीरे-मोती समेत चोरी के कुछ सामान बरामद किये हैं। इसके बाद की जांच में वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से पुलिस ने आभूषण के टुकड़े बरामद किये। अधिकारी ने बताया कि वर्मा ने गाजियाबाद के सुनारों को सोना बेचने की बात स्वीकार की है।

## दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और स्मार्ट बनाने पर मिलेंगे तीन सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक्ट बस फ्लीट, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं और इनोवेटिव पहलों के साथ दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) शहरी परिवहन को स्वच्छ, सुरक्षित और स्मार्ट बना रहा है। इन्हीं पहलों को देखते हुए डीटीसी को आगामी आठ मार्च को इंडिया हैबिटेट सेन्टर, नई दिल्ली में वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य सड़क परिवहन उपक्रमों के संघ (एएसआरटीयू) द्वारा राष्ट्रीय बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कारों के तहत दिल्ली परिवहन निगम को निम्नलिखित तीन श्रेणियों के लिए चुना गया है। जिसमें पहला, वैकल्पिक ईंधन वाहन पुरस्कार पुरस्कार - विजेता, दूसरा, सड़क-सुरक्षा पुरस्कार- विजेता तथा तीसरा गैर-यातायात राजस्व पुरस्कार- उप-विजेता है। डीटीसी प्रशासन ने बताया कि यह बताना आवश्यक है कि वर्ष 2022-23 के लिए दिल्ली परिवहन निगम सिर्फ दो श्रेणियों में ही पुरस्कृत हो पाई थी। दिल्ली परिवहन निगम के चेयरमैन-सह-प्रबंधक तथा मुख्य-महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को बधाई देते हुए सभी क्षेत्रों में और सुधार करने के लिए आग्रह किया है जिससे दिल्ली में सभी यात्रियों का आवागमन सुदृढ़ व आरामदायक बनाया जा सके।

## आशा किरण होम को मिलेगी सभी आवश्यक सुविधाएं : रविंद्र इंद्रराज

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।



आशा किरण होम में रहने वाले बच्चों के समुचित देखभाल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह बात शुक्रवार को रोहिणी के अवंतिका में स्थित आशा किरण होम का दौरा करने के दौरान कही। इस दौरे के दौरान सचिव समाज कल्याण और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने चिकित्सा वार्डों, पुनर्वास केंद्रों, जिनमें मेडिकल केयर यूनिट (एम.सी.यू), फार्मेसी, मनोरोग चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी केंद्र, विशेष शिक्षा, योग और शारीरिक शिक्षा कक्षाएं शामिल हैं, का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों, सीएमओ, अधीक्षकों, पुनर्वास विशेषज्ञों, सभी व्यावसायिक एवं शारीरिक प्रशिक्षकों से बातचीत कर बच्चों के स्वास्थ्य, उपचार और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों के साथ मंत्री ने सभी विभागों का दौरा किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निवासियों के कल्याण के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मंत्री ने बच्चों द्वारा विभिन्न इकाइयों में किए जा रहे कार्यों, जैसे बैग बनाने, सिलाई, ब्लॉक प्रिंटिंग, मोमबत्ती निर्माण, मिट्टी मॉडलिंग, दीये बनाने और आभूषण निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की कलात्मकता, कौशल और उत्साह की सराहना करते हुए उनकी लगन और रचनात्मकता की प्रशंसा की। इसके अलावा मंत्री ने बच्चों के कॉटेज, पुरुष और महिला विंग के छात्रावासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई सुविधाओं का भी जायजा लिया और स्वयं तैयार किए गए भोजन का स्वाद लिया। भोजन की गुणवत्ता और उच्च मानकों से प्रभावित होकर, उन्होंने आवासीय रसोई की सराहना की। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान मंत्री ने कहा कि हमें सभी को दिव्यांग बच्चों के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए। आने वाले दिनों में हम सभी कमियों को दूर करेंगे और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेंगे। आज मेरी पहली यात्रा थी, और मैंने पाया कि आशा किरण होम में भीड़ अधिक है। आशा किरण गृह की वर्तमान क्षमता 570 है। इसके सापेक्ष 756 बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को गृह में रखा गया है। वर्ष 2024 में थोड़े दिनों के अंतराल पर आशा किरण में 13 वयस्कों और 01 बच्चे की मृत्यु हो गई, जिसकी जांच के आदेश दिए गए।

## स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन की जयंती के उपलक्ष में स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। कॉलेज प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार विज्ञान और नवाचार किसी भी विकसित भारत के विकास और समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग के मार्गदर्शन में गुरुवार को एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में आसपास के स्कूलों के छात्रों को आमंत्रित किया गया ताकि वे विज्ञान के क्षेत्र में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रो. मुकेश राणा के नेतृत्व में न केवल विज्ञान के छात्रों बल्कि अन्य छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और यह जागरूकता फैलाने का प्रयास किया कि विज्ञान की औपचारिकताएं वैज्ञानिक कार्यों में किस प्रकार अपनी भूमिका निभा सकती हैं। बताया गया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रोफेसरों रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. सीमा गुप्ता, भौतिकी विभाग से प्रो. बिजेंद्र दहिया, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग से प्रो. लक्षना महाजन, जंतु विज्ञान से प्रो गौरी मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रो. अनिल कुमार और प्रो. मुकेश राणा ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। छात्रों को विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंजू, पत्नी** : श्री रामू, **पताः** झुग्गी नं. एन–125/22, सतसंग कॉलोनी, डब्ल्यूपीआईए, अशोक विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 113/2017 U/S 33/38 Delhi Excise Act, थानाः अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंजू** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंजू** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 113/2017 U/S 33/38 Delhi Excise Act, थानाः अशोक विहार, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **अंजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रजनी रंगा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2421/NW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश पुत्र श्री सोहन लाल निवासी के–3/8, लाल क्वार्टर, विजय विहार, दिल्ली** और **गांव राज गढ़, सूडानपुर, जिला चुरू, राजस्थान** ने **FIR No. 406/2011, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 406/2011, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनील उर्फ हरीश,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री निधि चितकारा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं.109, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2523/RD/2025 (Court Matter)


## डीयू की 67वीं पुष्प प्रदर्शनी में उमड़े हजारों दर्शक

# विद्यार्थियों के लिए पुष्पों में हैं व्यापारिक संभावनाएं : प्रो. योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के उत्तरी परिसर स्थित गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में डीयू की 67वीं 'पुष्प प्रदर्शनी 2025' का आयोजन शुक्रवार, 28 फरवरी को किया गया। पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अद्वितीय मंच है, जहां से सभी को कुछ न कुछ अच्छा मिलता है। विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से व्यापारिक संभावनाओं की जानकारी भी मिलती है। पुष्प प्रदर्शनी में दिल्ली एनसीआर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 68 कॉलेजों, संस्थानों और छात्रावासों ने हिस्सा लिया। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार टिकाऊ प्रथाओं हेतु शुरू किया गया शताब्दी कप इस बार मिरांडा हाउस कॉलेज ने जीता। पुष्प प्रदर्शनी में राष्ट्रपति भवन की प्रदर्शनी ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। हजारों की संख्या में दर्शकों ने पुष्प प्रदर्शनी का आनंद लिया। कुलपति ने अपने संबोधन में पुष्प प्रदर्शनी के विषय 'फ्लोरा एंड फैब्रिक' पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में हथकरघा अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि इसमें स्थिरता और ग्रोथ दोनों हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र को विशेष बल मिलेगा।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि हथकरघा उद्योग में महिलाओं की भागीदारी करीब 70 प्रतिशत है, इसलिए यह महिला सशक्तिकरण में अहम योगदान दे रहा है। कुलपति ने प्राचीन भारत की समृद्धि में हथकरघा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कभी भारत के ढाका की मलमल दुनिया का सबसे कीमती कपड़ा होता था। ब्रिटिश काल में इस उद्योग को तबाह कर दिया गया और यह कपड़ा भी गायब हो गया। इसके साथ ही कुलपति ने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ केवल देते है, किसी से लेते कुछ नहीं। इसलिए दूसरों के हित में अपना हित देखने का ज्ञान हमें पेड़ों से लेना चाहिए।



**फ्लावर शो रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रमाण : रजनी अब्बी**

फ्लावर शो की अध्यक्ष प्रो. रजनी अब्बी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि फ्लावर शो रचनात्मकता को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और समाज की भलाई के लिए सामुदायिक जुड़ाव के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डीयू उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने पुष्प प्रदर्शनी के बारे में जानकारी प्रस्तुत की और इसमें सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता सहित अनेकों प्राचार्यों शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | वर्ष 2024–25 हेतु एचएसएएम बोर्ड, भिवानी डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला चरखी दादरी (आईडी-448) में गांव ककरोली हाती से रेहरोडा कलां तक सम्पर्क की वार्षिक मरम्मत। | बंद होने की तिथि 04.03.2025 | 5.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/32556/1/88/7 दि. 28.02.25

## मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप

# चुनाव घोषणापत्र में किये सभी वादे करेंगे पूरे : रेखा गुप्ता

### विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर एक चर्चा के दौरान गुप्ता ने आम आदमी पार्टी को एक धरना पार्टी बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को पूरा करेगी। गुप्ता ने दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया और कहा कि इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किये गए वादों को पूरा करेगी। विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर एक चर्चा के दौरान गुप्ता ने आप पर कटाक्ष करते हुए उसे एक धरना पार्टी करार दिया, जो सत्ता से बाहर होने के बाद भी विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि हमारे शपथ लेने से पहले ही आतिशी और आप के अन्य विधायक बैनर लेकर सवाल कर रहे थे कि हम महिलाओं को 2,500 रुपये कब देंगे। वे हमसे सवाल तब कर रहे हैं, जब वे खुद पंजाब में इसी वादे को पूरा करने में विफल रहे। वे एक धरना पार्टी हैं - जब सत्ता में थे, तो वे विरोध प्रदर्शन पर बैठे, अब वे विपक्ष में हैं और वे अब भी वही कर रहे हैं।

उन्होंने आम आदमी पार्टी पर मुख्यमंत्री कार्यालय से बी आर आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें कथित तौर पर हटाये जाने के खिलाफ उसके विरोध प्रदर्शन को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे सदन से बाहर जाने का बहाना चाहते थे, क्योंकि वे यहां पेश की गई कैग रिपोर्ट का सामना नहीं कर सकते थे। गुप्ता ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर उनकी पार्टी के चुनावी नारे भाई हो तो ऐसा, केजरीवाल जैसा को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह एकमात्र भाई हैं जिन्होंने एक खरीदो, एक पाओ ऑफर के तहत मुफ्त शराब की बोतलें उपलब्ध करायीं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा की नवगठित सरकार विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। गुप्ता ने कहा कि हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम अपने संकल्प पत्र में किए गए सभी वादे पूरे नहीं कर लेते।

आप द्वारा खजाना खाली छोड़े जाने के बावजूद, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली को वह शासन मिले, जिसकी वह हकदार है। फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 26 साल से अधिक समय के अंतराल के बाद 70 में से 48 सीट जीतकर दिल्ली में सत्ता हासिल की, जबकि आप 22 सीट ही जीत पायी।

### आईसीयू पर दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं, कर्मियों, दवाओं और उपकरणों की कमी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की दूसरी रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली का स्वास्थ्य ढांचा कर्मचारियों, दवाओं और उपकरणों की कमी से जूझ रहा है। रिपोर्ट में पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार की प्रमुख परियोजना मोहल्ला क्लीनिक में आवश्यक सुविधाओं की कमी की भी तस्वीर पेश की गई है। रिपोर्ट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निर्धारित कोष को खर्च न किए जाने का भी जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि 74 मोहल्ला क्लीनिक की समीक्षा में पाया गया कि किसी में भी सभी 165 आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं थीं। सीएजी रिपोर्ट में मोहल्ला क्लीनिक में पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, एक्स-रे व्यूअर, थर्मामीटर और ब्लड प्रेशर मॉनिटर जैसे आवश्यक उपकरणों की कमी पर भी प्रकाश डाला गया है। यह दूसरी सीएजी रिपोर्ट है, जो सदन में पेश की गई है। दिल्ली आबकारी नीति पर एक रिपोर्ट पिछले मंगलवार को विधानसभा में पेश की गई थी।

### कैग की दूसरी रिपोर्ट ने केजरीवाल सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था की खोल दी पोल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को कैग (सीएजी) की दूसरी रिपोर्ट के माध्यम से विधानसभा पटल पर केजरीवाल सरकार के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी और आरोप लगाते हुए कहा कि हम पहले दिन से कह रहे हैं कि केजरीवाल सरकार ने ना सिर्फ मोहल्ला क्लीनिक को बनाने में बल्कि अपने अस्पतालों में भी नकली दवाइयां बांटकर दिल्ली को शर्मसार करने का कार्य किया है। सचदेवा ने कहा कि आज सीएजी की रिपोर्ट ने इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल ने मोहल्ला क्लीनिक का सिर्फ ढोल पीटा है।

### पिछली सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया : आशीष सूद

नई दिल्ली। दिल्ली के गृह एवं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को दिल्ली विधान सभा में अपने संबोधन में पिछली सरकार के तहत हुई कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और लोकतांत्रिक क्षरण को उजागर किया। सूद ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार को खत्म करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए नई सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की निंदा की, और बताया कि पिछले पांच वर्षों में विधानसभा केवल 74 दिनों के लिए बैठी, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे कम है। इसके बावजूद, विपक्ष ने महत्वपूर्ण सार्वजनिक चर्चाओं से परहेज किया और अपने कार्यों के लिए जवाबदेह होने से परहेज किया। मंत्री ने दिल्ली में हुए बड़े शराब घोटाले की कड़ी निंदा की, जिसमें उन्होंने कहा कि यह घोटाला पिछली सरकार से जुड़ा है। सूद ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें सरकार के भीतर व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर किया गया था, जिसके कारण जनता ने जवाबदेही की मांग की।

## दिल्ली का विकास अब सिर्फ होर्डिंग्स में नहीं, सड़कों पर दिखेगा : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- फर्जी राशन कार्ड की होगी जांच, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए दिल्ली के विकास को नई गति देने का संकल्प लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दिल्ली का विकास अब सिर्फ़ विज्ञापनों और होर्डिंग्स तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सड़कों पर साफ दिखेगा। प्रवेश ने विधानसभा में ऐलान किया कि उनकी सरकार जरूरतमंदों के लिए नए राशन कार्ड बनाएगी, लेकिन इसके साथ ही पुराने राशन कार्ड की गहन जांच भी होगी। अगर किसी बांग्लादेशी या रोहिंग्या के नाम पर राशन कार्ड पाया गया, तो उसे तुरंत रद्द किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में अवैध घुसपैठियों को बसाने की साजिश लंबे समय से चल रही थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। राशन उन्हीं को मिलेगा, जो इसके असली हकदार हैं, घुसपैठियों को नहीं। प्रवेश ने कहा कि दिल्ली के विकास को रोकने वाली हर रुकावट हटाई जाएगी।हम दिल्ली का नया एक्सप्रेसवे बनाएंगे, जिसमें कोई यू-टर्न नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को वास्तविक विकास मिलेगा, न कि झूठे वादे।

### मोदी सरकार देगी दिल्ली को नई पहचान

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली को वास्तविक विकास का मौका मिला है, क्योंकि अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मज़बूत सरकार है। 27 साल बाद दिल्ली को बीजेपी के निर्णायक नेतृत्व और पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन के तहत असली बदलाव देखने को मिलेगा। दिल्ली का विकास अब सिर्फ राजनीति का मुद्दा नहीं रहेगा, बल्कि यह हर गली-मोहल्ले में दिखाई देगा। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि यह सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन और विचारधारा से प्रेरित है। यह सरकार जनसेवा और ईमानदारी के संकल्प पर बनी है।

### शराब नीति ने बर्बाद किए हजारों परिवार

प्रवेश साहिब सिंह ने केजरीवाल सरकार की घातक शराब नीति पर निशाना साधते हुए कहा कि इस नीति ने दिल्ली के हजारों परिवारों को तबाह कर दिया। हर कॉलेज और स्कूल के बाहर शराब के ठेके खोल दिए गए। यह नीति युवाओं और परिवारों के विनाश की साजिश थी। उन्होंने बंगाली कैंप की मोनी दास का जिक्र किया, जो एक विधवा महिला हैं और अपने दोनों बेटों को शराब की लत के कारण खो चुकी हैं। इसी तरह, प्रिंस पार्क इलाके की बरखा महरौलिया ने अपने पति को शराब के कारण खो दिया। यह सिर्फ दो-तीन महिलाओं की कहानी नहीं है। दिल्ली में हजारों महिलाएं हैं, जिनके परिवार अरविंद केजरीवाल की शराब नीति के कारण उजड़ गए।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली नगर निगम के 180 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम के 180 कर्मचारी शुक्रवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

### परिवार निर्माण से होगा समाज कल्याण : आर्य

**नई दिल्ली**। परिवार निर्माण से ही समाज कल्याण होगा। आर्यसमाज ने महर्षि दयानंद बोधोत्सव पर परिवार जोड़ों अभियान चलाया। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने यह जानकारी दी। उन्होंने आर्यजनों से आह्वान किया कि वे नित्य कर्मों में युवाओं, विशेषकर बच्चों के चरित्र निर्माण, समुचित विकास के लिए कम से कम एक घंटा समय अवश्य निकालें। दिल्ली की समस्त आर्यसमाजों की ओर से शिवरात्रि पर महर्षि दयानन्द सरस्वती का बोधोत्सव पर्व आर्य समाज ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में धूमधाम से मनाया गया।

## संपत्ति कर के भुगतान में नहीं दी कोई छूट या रियायत : एमसीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मालिकों, कब्जाधारियों को संपत्ति कर का भुगतान करना अनिवार्य

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में संपत्ति कर मामले में छूट को लेकर दिल्ली वासी परेशान हैं। संपत्ति कर भरने को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं कि उन्हें क्या इसका फायदा मिलेगा या नहीं। वहीं, इस संबंध में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन ने शुक्रवार को अपना स्पष्टीकरण दिया है। प्रशासन ने कहा है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर संपत्ति कर छूट के संबंध में जो दावे किए जा रहे हैं, वे पूरी तरह से गलत हैं, क्योंकि संपत्ति कर में कोई छूट नहीं दी गई है। विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर संपत्ति कर छूट से संबंधित प्रसारित हो रही है, ग़लत जानकारी पर निगम प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि सभी संपत्ति मालिकों और कब्जाधारियों को प्रचलित कानूनों के अनुसार संपत्ति कर का भुगतान करना आवश्यक है। निगम को नागरिकों से इस संबंध में कई प्रश्न प्राप्त हुए हैं कि क्या उन्हें संपत्ति कर का भुगतान करना होगा या नहीं। इस पर निगम पुनः स्पष्ट करता है कि संपत्ति कर सभी कब्जाधारियों/मालिकों के लिए देय है, और इसकी अनिवार्यता में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

संपत्ति कर दिल्ली नगर निगम के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो कुल राजस्व का लगभग एक-चौथाई भाग इससे प्राप्त होता है। वार्षिक बजट प्रक्रिया के तहत, निगम प्रत्येक वर्ष कर और शुल्क की दरें निर्धारित करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर संरचना फरवरी 2024 में पारित बजट के अनुसार तय की गई थी। इसी तरह, 13 फरवरी 2025 को हुई बैठक में निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर और शुल्क संबंधी निर्णय लिए हैं।

## सीएम रेखा गुप्ता की सचिव बनीं आईएएस मधु रानी तेवतिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएएस मधु रानी तेवतिया को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का सचिव नियुक्त किया गया है। मधु रानी तेवतिया 2008 बैच की एजीएमयूटी कैडर की आईएएस हैं। इसके अलावा अन्य आईएएस अधिकारियों की भी अलग-अलग विभागों में नियुक्तियां की गई हैं। आईएएस संदीप कुमार सिंह और आईएएस रवि झा को मुख्यमंत्री का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं आईएएस अजीमुल हक को दिल्ली वक्फ बोर्ड का सीईओ बनाया गया है। इसके अलावा आईएएस सचिन राणा को अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, साथ ही उन्हें दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बता दें कि दिल्ली में सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम के स्टाफ की छुट्टी कर दी थी। इसी कड़ी में अब नए अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है।

## दूसरे दिन भी विधानसभा में प्रवेश नहीं दिया गया : आतिशी



**नई दिल्ली।** विधानसभा से निलंबित विपक्षी 21 सदस्यों ने शुक्रवार को भी नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में जाने की कोशिश की। लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें विधानसभा में जाने नहीं दिया। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में जय भीम बोलने पर सदन से तीन दिन के लिए निलंबित आम आदमी पार्टी के विधायकों को भाजपा ने शुक्रवार को भी विधानसभा के अंदर नहीं जाने दिया। वहीं आतिशी ने कहा कि जब वह राष्ट्रपति को ज्ञापन देने जाने को आगे बढ़ी तो उन्हें पुलिस ने रोक लिया। इससे नाराज आप विधायकों ने सड़क पर जमकर प्रदर्शन किया और पुलिस के दम पर भाजपा की तानाशाही और गुंडागर्दी, नहीं चलेगी, लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी, जय भीम समेत तमाम नारे लगाए। आतिशी ने कहा कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि यह देश बाबा साहब के संविधान से चलता है, भाजपा के तानाशाही से नहीं चलता है।

## कब डी-सील होंगी दुकानें, संपति मालिक परेशान



**नई दिल्ली**। दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा इलाके में बंब पटाखों का कारोबार करने वाली दुकानों को दीवाली के आसपास सील कर दिया गया था और इस वर्ष एक जनवरी को उनको डी-सील करना था लेकिन राजस्व प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते संपत्ति मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ति संपत्ति मालिकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अन्य इलाकों में ऐसी ही दुकानों को डी-सील कर दिया गया है जबकि यहां नरेला एसडीएम इलाके में उनकी संपत्तियां के साथ ऐसा नहीं किया जा रहा है जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री का कहना है कि इस संबंध में प्रशासन से बात की जाएगी, सील हुई दुकानों को नियमानुसार डी-सील की जाएगी। जबकि इस संबंध में क्षेत्रीय एसडीएम से उनके मोबाइल और कार्यालय के लैंडलाइन नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनकी तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई।




### पलाश महोत्सव का दूसरा चरण हुआ शुरू

# ग्रीन दिल्ली बनाने की दिशा में कई परियोजनाएं की जाएंगी शुरू : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में सरकार राष्ट्रीय राजधानी के सतत विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है। मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि भविष्य में ग्रीन दिल्ली की दिशा में काम करने के लिए ऐसी कई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

डीडीए के वार्षिक पुष्प महोत्सव 'पलाश' के दूसरे चरण के शुभारंभ के मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 'पलाश' के पहले चरण के सफल आयोजन के बाद, शुक्रवार को मयूर विहार फेज-3 स्थित स्मृति वन में इस भव्य आयोजन के दूसरा चरण शुरू हुआ। यह वार्षिक महोत्सव वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने और दिल्ली के लोगों को प्रकृति के करीब लाने के लिए मनाया जाता है। डीडीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने पलाश का दौरा किया और महोत्सव के आयोजन में टीम डीडीए की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और उनसे राष्ट्रीय राजधानी के सौंदर्यीकरण के लिए काम करना जारी रखने का आग्रह किया।

### पलाश महोत्सव का दूसरा चरण 28 फरवरी, एक और दो मार्च को किया जाएगा आयोजित

यहां बताया गया कि पुष्प महोत्सव 2023 से प्रति वर्ष मनाया जा रहा है। लेकिन इस साल पहली बार इसे दो जगहों पर मनाया जा रहा है। पलाश महोत्सव का पहला चरण 22 और 23 फरवरी को द्वारका में मनाया गया जबकि दूसरा चरण 28 फरवरी, 1 और 2 मार्च को आयोजित किया जाएगा। पलाश 2025 का थीम 'प्रदूषण मुक्त, स्वस्थ जीवन' है और इसका नाम ब्यूटिया मोनोस्पर्मा फूल के नाम पर पलाश रखा गया है, जो इस दौरान राजधानी में खिलता है। दोनों चरणों में पलाश देखने के लिए 50 हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। दूसरे चरण के तीन दिवसीय आयोजन में अनेक गतिविधियां होंगी, जिनमें प्रकृति भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टेराकोटा पॉट सजावट प्रतियोगिता, हेडगियर डिजाइन प्रतियोगिता, पुष्प रंगोली प्रतियोगिता आदि शामिल हैं। डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार स्मृति वन को 'प्रियजनों की याद में एक पेड़ लगाओ' की थीम पर बनाया गया था और इस तरह घने पेड़ों से घिरा एक हरित क्षेत्र बनाया गया।

**खबर संक्षेप**

## वाहन चोरी के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने वाहन चोरी के मामले में आरोपी शिवम पंवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 फरवरी 2025 को कबीर खान हाल निवासी डबुआ कालोनी, फरीदाबाद ने थाना सेक्टर 31 में दी अपनी शिकायत में बताया कि शिकायतकर्ता ने अपनी मोटरसाइकिल मॉल की पार्किंग में खड़ी की थी जब शिकायतकर्ता ने वापिस आकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां से चोरी हो गई थी।

## लोन देने के नाम पर युवक से सवा लाख ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने लोन देने के नाम पर एक युवक से करीब सवा लाख रुपए ठग लिए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के शेरपुर निवासी रविंद्र ने कहा कि वह हलवाई का काम करता है। बीती 11 जनवरी से 14 जनवरी तक उसके पास इंडसइंड बैंक का बताने वाले एक युवक की कॉल आती रही। रविंद्र को रुपए की जरूरत थी ।


## क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम सेक्टर-43 एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से 2,58,411 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूवी के लखनऊ निवासी नागेंद्र मोहन ने कहा कि वह गुडग़ांव के सेक्टर-38 में रहता है। उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। बीती 15 जनवरी को उसके पास एक कॉल आई और कॉल करने वाले खुद को आईसीआईसीआई बैंक कर्मी बताया और नागेंद्र से क्रेडिट कार्ड सीमा बढ़ाने की पेशकश की।



## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के भागलपुर निवासी विजय झा ने कहा कि वह दिल्ली के नारायणा में रहता है। उसका छोटा भाई हरेराम गुरुग्राम में नौकरी करता था और वहीं पर किराए पर रहता था। बीती 26/27 की रात को नरसिंगपुर गांव के निकट हरेराम को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए हरेराम को उपचार के लिए सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल ले जाया गया।



# डीपीजी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज में वनस्पति विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया। विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने के तहत यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनस्पति विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के विधार्थियों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। इस दौरान डीपीजी डिग्री कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, डॉ एसएस बोकन, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया और डीन एकेडमिक डॉक्टर धर्मवीर सिंह मौजूद रहें।



### प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

कार्यक्रम का शुभारंभ वनस्पति विभाग प्रमुख डॉक्टर अमिता सिंह ने किया। उन्होंने बच्चों को विज्ञान की दुनिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विषय भारतीय युवाओं को विज्ञान और नवाचार में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे भारत की प्रगति को बढ़ावा मिले और एक स्थायी भविष्य की दिशा में कदम बढ़े। इस दौरान सभी विभागों के विभाग अध्यक्षों ने प्रतियोगिताओं का आंकलन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर अनीता, श्रीमती निधि जैन डॉ .उजमा सईद, सुश्री प्रिया शर्मा और डा. अंजू भी उपस्थित रहें। सभी ने कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में अपना अहम योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमिता सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह ने नगर निगम चुनाव के लिए स्थापित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

# चुनाव पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

*नगर निगम चुनाव के मद्देनजर बनाए गए 1302 मतदान केंद्र*

*14 लाख 70 हजार 687 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को जिला फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए स्थापित स्ट्रांग रूम का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम सेक्टर-14 स्थित महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम, डीएवी स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चुनाव पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात राजकीय महिला विद्यालय सेक्टर-16ए समुदायिक केंद्र सेक्टर-28, के एल मेहता महिला कॉलेज, एनआईटी-5 और डीएवी कॉलेज एनआईटी-3 में स्थापित स्थापित स्ट्रांग रूम, बेरिगेटिंग और पार्किंग समेत दूसरी व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर जायजा लिया।

### कर्मचारी ड्यूटी में कोताही बिल्कुल न बरते, बेवजह छुट्टी पर न जाएं



जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 2 मार्च को होने वाले फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर 1302 मतदान केंद्र बनाए गए है। उन्होंने बताया कि इस बार 14 लाख 70 हजार 687 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की जानकारी ली। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को स्ट्रांग रूम में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और अधिकारियों से वाहन पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्था कराने और स्ट्रांग रूम में ईवीएम वीवीपैट रखने के लिए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिए और कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मतदान के दौरान किसी भी मतदाताओं के साथ पोलिंग पार्टी को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सारी सुविधाएं सुदृढ़ करें।

उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों से स्ट्रांग रूम केंद्रों पर साफ-सफाई शौचालय सहित बिजली आदि मूलभूत सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी में कोताही बिल्कुल न बरते और बेवजह छुट्टी पर न जाए अन्यथा ड्यूटी में कोताही बरतने पर सख्त से सख्त नियामनुसार कार्रवाही की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम फरीदाबाद शिखा, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआरओ सुशील शर्मा सहित सभी विभागों से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पार्टी नेतृत्व के प्रति जताया आभार

# नरवीर चहल भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद



भारतीय जनता युवा मोर्चा, हरियाणा ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार, नरवीर चहल को तुरंत प्रभाव से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है। इस अहम जिम्मेदारी मिलने के बाद नरवीर चहल ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंदरजीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा सरकार की मंत्री आरती राव, मंत्री राजेश नागर एवं मंत्री गौरव गौतम का विशेष धन्यवाद किया। नरवीर चहल ने कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। भी आश्वासन दिया कि वे हरियाणा में युवा शक्ति को संगठित करने, भाजपा की विचारधारा को मजबूत करने और प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में उनकी नियुक्ति से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि नरवीर चहल अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होंगे।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

# अवैध हेरोइन समेत 3 तस्कर गिरफ्तार, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) ने सोहना एरिया से अवैध हेरोइन समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरापी युवक मेवात से हेराइन खरीदकर लाए थे और बाइक पर बेचने के लिए निकले थे। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया और पूछताछ कर रही है। एचएसएनसीबी के एसआई विजेंद्र और एएसआई महेंद्र की टीम को सूचना मिली कि देवीलाल रोड पर दो युवक बाइक पर नशीला पदार्थ बेचने आ रहे हैं। टीम ने देवीलाल रोड के मोड पर दो आरोपियों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से करीब 6 ग्राम 92 मिलीग्राम हीरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान पीर कॉलोनी के मनीष और अरशद के रूप में हुई है। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर से एक और तस्कर को पकड़ा। आईटीआई कॉलोनी के नावेद के पास से 6 ग्राम 14 मिलीग्राम हीरोइन बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि वे मेवात क्षेत्र से ड्रग्स खरीदकर लाते थे।

# नगर निगम चुनाव को लेकर फरीदाबाद पुलिस ने की तैयारी 4 हजार के करीब पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

**फरीदाबाद।** आगामी 2 मार्च को फरीदाबाद नगर निगम के चुनाव के लिए मतदान निर्धारित है। जिस संबंध में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशा पर शांतिपूर्ण चुनाव करने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा तैयारियां कर ली गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 4000 के करीब पुलिस बल चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के 9 पुलिस अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आगामी 2 मार्च को फरीदाबाद नगर निगम के लिए मतदान निर्धारित है। नगर निगम चुनाव के लिए 1302 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए 4000 के करीब पुलिस बल तैनात रहेगा। जिला फरीदाबाद में कुल 167 संवेदनशील तथा 49 मतदान केंद्र अति संवेदनशील है जहां पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अतिरिक्त पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात किया गया है।

### चालक के खिलाफ मामल दर्ज, जांच शुरू की

# गाड़ी की टक्कर से कंपनी कर्मी की मौत,2 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

बिलासपुर थाना एरिया में तेज रफ्तार इको गाड़ी की टक्कर से कंपनी कर्मी की मौत हो गई, जबकि दो कर्मी गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। तीनों कर्मी कंपनी से डयूटी करने के बाद घर लौट रहे थे। पुलिस ने अज्ञात इको गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में यूपी के बलिया निवासी जितेंद्र पुरी ने बताया कि वह सेक्टर-10 की सरस्वती इंकलेव में किराए पर रहता है। वह मैकविंग इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड पटौदी रोड भोड़ाकला में नौकरी करता है। बुधवार को उसका कंपनी में पहला दिन था और वह कंपनी से नौकरी कर अपने घर जा रहा था। शाम करीब 7.30 बजे जब वह सेलिब्रेशन जिम पटौदी रोड पर पहुंचा तो वह किसी काम से जिम के सामने रोड पर साइड में खडा हो गया। जहां उसके साथी बिहार के सारन निवासी बिगन कुमार रे व अमीर यादव बाइक पर आए और वहां खड़े हो गए। उसी समय बिलासपुर की तरफ से एक इको गाडी का चालक अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार से चलाता हुआ लाया और तीनों को सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बिगन रे को आस्था अस्पताल बिलासपुर में जबकि अमीर यादव को मानेसर ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद अमीर यादव को फरीदाबाद रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज के दौरान अमीर यादव की मौत हो गई। जबकि बिगन रे व जितेंद्र चोटिल हैं। पुलिस ने इको गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 160 पव्वे देशी शराब बरामद

# शराब तस्करी के मामले में 3 आरोपियों को अलग-अलग स्थान से किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शराब तस्करी के 3 अलग-अलग मामलों मे पुलिस चौकी सेक्टर-15ए व थाना सेक्टर 8 ने क्रमशः आरोपी कर्ण व तुसार वाधवा, लाला राम को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि 27 फरवरी को पुलिस चौकी सेक्टर-15ए की टीम ने आरोपी कर्ण वासी खेड़ीकला फरीदाबाद को सेक्टर-15ए से 52 पव्वे देशी शराब सहित थाना सेक्टर 8 की पुलिस टीम ने आरोपी तुसार वाधवा वासी न्यु जनता कालोनी फरीदाबाद को सेक्टर-7 से 56 पव्वे सहित व आरोपी लाला राम वासी मिल्हार्ड कालोनी सेक्टर 20 फरीदाबाद को 52 पव्वे देशी शराब सहित कृष्णा कॉलोनी फरीदाबाद से काबू किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्यवाही की गई।

### पुलिस आयुक्त कार्यालय में विदाई समारोह का किया आयोजन

# फरीदाबाद पुलिस के 11 कर्मी हुए सेवानिवृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस परिवार के 11 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21 सी में किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर विनोद कुमार, रणबीर, रत्न सिंह, वीरेंद्र सिंह, भीम सिंह, रति सिंह, सब इंस्पेक्टर सज्जन सिंह, रमेश कुमार, आराम सिंह, मुख्य सिपाही पीताम्बर सिंह व वीरेंद्र सिंह की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। पुलिसकर्मियों ने अपना सारा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना विशेष योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए इनका धन्यवाद करते हैं। कि सेवानिवृत्ति के बाद भी रिटायर्ड पुलिसकर्मी पुलिस परिवार का हिस्सा रहेंगे और यदि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो बेझिझक अपने पुलिस परिवार से संपर्क कर सकते हैं।

### बाबा रामदेव महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की 6वीं वर्षगांठ महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज आंध्र प्रदेश की धर्म यात्रा के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज आंध्र प्रदेश की धर्म यात्रा के लिए शुक्रवार को सांय विजयवाडा रवाना हो गए। उनका रात्रि में जागरण विजयवाड़ा में ही रहेगा। महाराजश्री का विजयवाड़ा में रामदेव मंदिर के अध्यक्ष श्याम सिंह, कालू सिंह, हरि सिंह समेत सैकड़ों भक्त जोरदार स्वागत करेंगे। शनिवार 1 मार्च को श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज गुंटूर पहुंचेंगे, जहां श्री राजस्थानी विष्णु समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित जगदीश सिंह राजपुरोहित द्वारा श्री मां जगदम्बा, श्री बाबा रामदेव व श्री अम्बेश्वर महादेव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, लघु रूद्र यज्ञ व



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की छठीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। श्रीमहंत नारायणगिरि महाराज के पावन सानिध्य में श्री गीता मंदिर आर अग्राहरम में 1 मार्च को रात्रि 9.15 से भजन संध्या में चढ़ावे 2026 के बोले लगाए जाएंगे। भजन संध्या में राजस्थान के भजन सम्राट दलपतजी चौहान व उनकी पार्टी भजनों से भगवान व मां की महिमा का गुणगान करेंगे। रविवार 2 मार्च को मंदिर में प्रातः 9.11 बजे से हवन होगा और 11.21 से ध्वजारोहण होगा। महाराजश्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दोपहर 11.31 बजे से देव अमृत भोजन होगा। श्री अम्बे माताजी की अखंड ज्योत के लाभार्थी चौधरी अणदाराम, शंकरराम, जगदीश व मदन होंगे। बाबा रामदेवकी अखंड ज्योत के लाभार्थी कांतिलाल, श्री महादेव जी की अखंड ज्योत के लाभार्थी राजपूत विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह, राजपूत जितेंद्र सिंह, बाल भोग माताजी के लाभार्थी क्षत्रिय घांची भीकाराम, बाल भोग रामदेव जी के लाभार्थी राजपूत अमर सिंह, विक्रम सिंह, राजपूत भरत सिंह, नरेंद्र सिंह, बाल भोग महादेव जी के लाभार्थी वैष्णव बुद्धिप्रकाश, वर्षगांठ भोजन के लाभार्थी चौधरी दुर्गाराम, मोती राम, मंगलराम, ओमाराम, श्री भजन संध्या के लाभार्थी चौधरी मानाराम,श्री बहुमान के लाभार्थी प्रजापत अशोक कुमार, श्री महाशिवरात्रि अभिषेक के लाभार्थी वैष्णव श्रवणकुमार, अरूण कुमार व देव वस्त्र के लाभार्थी राजपुराहित जगदीश सिंह होंगे। दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि महाराजश्री 3 मार्च की प्रातः भगवान दूधेश्वर की सेवा में उपस्थित होंगे।

### 3 मार्च को मंदिर परिसर में वेद विद्या पीठ में परीक्षा होगी

3 मार्च को मंदिर परिसर में संचालित श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ में वेद परीक्षा होगी। केंद्र सरकार ने श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ को वेद परीक्षा का परीक्षा केंद्र बनाया है। परीक्षा में कई शहरों के 550 विद्यार्थी शामिल होंगे। महाराजश्री परीक्षा लेने वाले आचार्यो का स्वागत अभिनंदन कर सांय को काशी के लिए रवाना होगे। काशी में उनका 10 मार्च तक प्रवास रहेगा और उसके बाद श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज भगवान दूधेश्वर की सेवा में उपस्थित होंगे।

# पॉलिसी कैंसिल करने के नाम पर हजारों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने पॉलिसी कैंसिल करने की एवज में जीएसटी के नाम पर एक व्यक्ति से 49 हजार 500 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में फर्रुखनगर के ज्ञानेंन्द्र सिंह ने कहा कि उसने अक्सा बजाज व आईसीआईसीआई प्रूडेशियल से पॉलिसी कराई हुई है। जिनको कैंसिल करने के लिए उसने कंपनियों में एप्लीकेशन भी लगाई हुई है। बीती 5 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें नेहा शर्मा नामक युवती ने खुद को आईआरडीएआई की कर्मी बताया। वहीं ज्ञानेंद्र से कहा कि उसके पास व्हॉट्सअप पर एक फार्म भेजा है जिसे भरकर भेजना होगा और उसके पास विभाग से एक कॉल भी आएगी। जिसके बाद 6 दिसंबर को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई और कॉलर ने अपना नाम रामौतार देशमुख बताया। पैसे रिफंड के लिए 49,500 रुपए जीएसटी के रुप में भरने की बात कही और उसे एक अकाउंट नंबर भी दिया। ज्ञानेंद्र ने बताए हुए अकाउंट नंबर पर रुपए जमा करा दिए।

लेकिन इसके बावजूद उससे 83,200 रुपए का ड्राफ्ट मांगा। जिसे जमा नहीं कराया गया। इस पर ज्ञानेंद्र को अहसास हो गया कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किए रामलला के दर्शन

# अयोध्या धाम में आंगनबाड़ी न होने पर जताई चिंता


राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामलला के दर्शन किए। इसके बाद आंगनबाड़ी संसाधन किट का वितरण किया। इस मौके पर अयोध्या धाम में आंगनबाड़ी न होने पर चिंता जताई। कहा कि इस पर सरकार से वार्ता करेंगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे का दूसरा और अंतिम दिन रहा। इस दिन उन्होंने रामलला के दर्शन किए। इसके बाद अवध विश्वविद्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी संसाधन किट का वितरण किया। इस दौरान अयोध्या धाम में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र न होने पर राज्यपाल ने चिंता जताई।

महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जानकारी दी कि अयोध्या धाम में 75 आंगनबाड़ी केंद्र की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि मठ मंदिरों में बहुत सी जमीन खाली पड़ी है। वहां पर व्यवस्था करके आंगनबाड़ी केंद्र खोला जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से भी कहेंगी कि बजट में अयोध्या धाम में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के लिए प्रावधान करें।

### अयोध्या धाम में 75 आंगनबाड़ी केंद्र की जरूरत, पुष्टाहार बजट को लेकर फटकार



दूसरी तरफ बाल विकास पुष्टाहार के बजट को लेकर जिला प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। राज्यपाल ने कहा कि बजट आता है लेकिन समय से आंगनबाड़ी केंद्रों को संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते।

वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने मार्च में ही बजट खर्च किया जाता है। राज्यपाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह परंपरा अब बदलनी होगी। वहीं, दूसरी तरफ राज्यपाल ने कहा कि कक्षा पांच तक के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने की जरूरत नहीं है। कक्षा पांच तक के बच्चों को अपनी मातृभाषा में ही पढ़ाया जाए। मातृभाषा में ही बच्चे सशक्त होते हैं।

### 20 ई रिक्शा को दिखाई हरी झंडी

राज्यपाल आनंदीबेन ने अवध विश्वविद्यालय के सभागार में 501 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को संसाधन किट वितरित किया। पांच प्राइमरी स्कूलों को स्मार्ट क्लास के लिए एलईडी सौंपी। इसके साथ ही 20 ई टेंपो को हरी झंडी दिखाई, जिसे महिलाएं शहर में चलाती दिखाई पड़ेंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी नन्हे बच्चों ने मनमोहन प्रस्तुति दी, जिसे देखकर राज्यपाल और मौजूद अधिकारियों ने सराहना की। राज्यपाल ने 20 ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाई। अब महिलाएं शहर में ई रिक्शा चलाती दिखेंगी ।

## खबर संक्षेप

### एंटी करप्शन ने घूस लेते बीसीपीएम को रंगे हाथ धरा

**श्रावस्ती।** जिले में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने बीसीपीएम रिज़वाना मुराद को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मुराद सीएचसी मल्हीपुर में तैनात हैं। ये आशा बहू और आशा संगिनी से मासिक कार्य क्षेत्र भत्ता पत्रावली जमा करने के लिए पैसे की उगाही कर रही थी। ब्लाक क्षेत्र में 256 पुरानी और 20 नई भर्ती की आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं। 276 आशा कार्यकर्ताओं की फाइल जमा हो रही थी। इसी बीच बीसीपीएम को एंटी क्राप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।



### यूट्यूबर ने फ्लाई ओवर से की नोटों की बरसात

**कानपुर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक फ्लाई ओवर से नोटों की गड्डियां उड़ाते दिख रहा है। उड़ाए हुए सभी नोट 200-200 के हैं। उड़ते नोटों को जिसने देखा, लूटने के लिए दौड़ पड़ा। बच्चे, पुरुष, महिलाएं नोटों को लूटने के लिए पहुंच गए। युवक ने एक झटके में करीब 50 हजार के नोटों को फ्लाई ओवर से उड़ा दिया।



## संभल की जामा मस्जिद पर एएसआई का खुलासा

# फर्श बदली, दीवारों पर तामचीनी पेंट हाईकोर्ट में पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ संभल

संभल की जामा मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद स्टेटस रिपोर्ट हाई कोर्ट में पेश की गई है। इसकी कॉपी सामने आई है। इस रिपोर्ट में एएसआई ने मस्जिद के अंदर स्वरूप में किए गए बदलाव का जिक्र किया है। स्टेटस रिपोर्ट में मस्जिद में फिलहाल किसी भी पेंट या हस्तक्षेप की जरूरत नहीं होने की बात कही गई है। इसी के साथ मस्जिद के डिजिटल सर्वे के लिए मेरठ सर्कल के द्वारा कार्ययोजना तैयार करने का जिक्र भी किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मस्जिद की फर्श को टाइल्स और पत्थर में बदल दिया गया है।

हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई की टीम में शामिल संयुक्त महानिदेशक मदन सिंह चौहान, निदेशक स्मारक जुल्फेगर अली और पर्यवेक्षण पुरातत्वविद् मेरठ सर्कल विनोद सिंह रावत ने 27 फरवरी 2025 को मस्जिद का दौरा किया। इस दौरान मस्जिद की देखरेख करने वालों की मौजूदगी में स्मारक का निरीक्षण किया गया।

संभल की जामा मस्जिद को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए निरीक्षण की स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गई है। इस रिपोर्ट में मस्जिद के अंदर हुए संरचनात्मक बदलावों का जिक्र है, जिसमें फर्श में टाइल्स और पत्थरों का लगना, दीवारों पर तामचीनी पेंट होना और कुछ हिस्सों की जर्जर स्थिति शामिल है।



### 1920 में संरक्षित घोषित किया गया था

संभल जामा मस्जिद को 22 दिसंबर 1920 को अधिसूचना संख्या 1645/1133-एम के तहत प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 के तहत संरक्षित घोषित किया गया था। मस्जिद का मुख्य ढांचा एक बड़े गुंबद के रूप में है, जिसके चारों ओर आंगन है। मस्जिद की पूर्वी दिशा में मुख्य द्वार है, जिसके भीतर जाने के लिए सीढ़ियां हैं। मस्जिद के बीच वजू के लिए जलाशय है। एएसआई के निरीक्षण में सामने आया कि मस्जिद कमेटी ने पहले भी मरम्मत और पुनरोद्धार कार्य किए हैं, जिससे ऐतिहासिक संरचना में कई बदलाव हुए हैं। मस्जिद की फर्श को पूरी तरह से टाइल्स और पत्थरों से बदल दिया गया है। इसके अलावा मस्जिद के अंदरूनी हिस्से में सुनहरे, लाल, हरे और पीले रंग की मोटी तामचीनी पेंट की गई है, जिससे मूल सतह ढक गई है।

### तत्काल मरम्मत की आवश्यकता नहीं

एएसआई की टीम के अनुसार, मस्जिद के भीतर की तामचीनी पेंट अभी अच्छी स्थिति में है और तत्काल मरम्मत की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, बाहरी हिस्से में कुछ जगहों पर पेंट उखड़ने के संकेत हैं, लेकिन स्थिति अभी इतनी गंभीर नहीं है कि तत्काल इसमें कुछ करने की जरूरत हो।

### मुख्य द्वार और पिछली दीवारों की स्थिति हुई खराब

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य द्वार की लकड़ी का लेंटर (ऊपरी बीम) बुरी तरह सड़ चुका है। जिसे बदलने की आवश्यकता है। मस्जिद के पश्चिम और उत्तर दिशा में स्थित छोटे-छोटे कक्ष, जो स्टोर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं, जर्जर स्थिति में हैं। विशेष रूप से इन कमरों की लकड़ी की छतें कमजोर हो गई हैं और मरम्मत की आवश्यकता है।

### अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दर्ज कराया बयान

संभल हिंसा मामले में त्रिस्तरीय न्यायिक जांच आयोग के सामने श्री हरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद विवाद में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अपने बयान दर्ज कराएं।विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मुझे न्यायिक आयोग ने बुलाया था। मैंने अपना विस्तृत स्टेटमेंट 19 नवंबर और 24 नवंबर की घटना पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया। हमने न्यायिक आयोग के समक्ष किस तरह से पथराव हुआ। किस तरह से आगजनी हुई, किस तरह से पुलिस-प्रशासन को आंसू गैस छोड़नी पड़ी। इस हिंसा के कौन-कौन मास्टर माइंड थे। हिंसा के क्या कारण थे और हिंसा क्यों भड़की सारी बातें न्यायिक आयोग के समक्ष विस्तृत रूप से रखी है।

## डिप्टी सीएम ने विस में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

# 8.54 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था, निवेश बढ़ा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विस्तार किया है। बिहार की अर्थव्यवस्था का आकार 3.5 गुना बढ़कर 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपए से 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) मौजूदा मूल्यों पर 8,54,429 करोड़ रुपए और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर 4,64,540 करोड़ अनुमानित है। इसी वित्तीय वर्ष में कर राजस्व 1,61,965 करोड़ तक पहुंच गया, जो राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों का सबसे महत्वपूर्ण घटक बना। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2023-24 में कर राजस्व का हिस्सा कुल प्राप्तियों का 83.8% हो गया, जो 2019-20 में 75.3 प्रतिशत था( अनुदान सहायता कुल प्राप्तियों का 13.5% (26,125 करोड़ रुपए) रही, जबकि गैर-कर स्रोतों से 2.75% (5,257 करोड़ रुपए) का योगदान मिला।



### बिहार में आर्थिक और औद्योगिक विकास

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2011-24 के दौरान परिवहन और संचार क्षेत्र में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की, जिसमें उत्तर प्रदेश (10.1%) और कर्नाटक (7.7%) के बाद 7.6% की वृद्धि दर्ज की गई।

### 3,752 निवेश परियोजनाओं के प्रस्ताव

औद्योगिक क्षेत्र में, राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) को सितंबर 2024 तक 75,293.76 करोड़ रुपए की लागत वाली 3,752 निवेश परियोजनाओं के प्रस्ताव मिले। वर्ष 2023-24 में 706 परियोजनाओं के माध्यम से कुल 5,642.57 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है 2022-23 और 2024-25 (सितंबर 2024 तक) के बीच उद्योगों में कुल निवेश 3.5 गुना बढ़ गया। सूक्ष्म उद्यमों ने 2023-24 में 2022-23 की तुलना में छह गुना अधिक निवेश आकर्षित किया। राज्य में 769 कार्यशील इकाइयों में कुल 8,464.35 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जिससे 31,749 लोगों को रोजगार मिला।

## पेज एक का शेष

### हिमस्खलन की चपेट...

पर दुख जताते हुए कहा कि देहरादून के राज्य आपदा परिचालन केंद्र ने पहुंच कर जनपद चमोली के माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन की जानकारी प्राप्त की और स्थिति का जायजा लिया। अभी तक 32 श्रमिकों को निकाल लिया गया है। बाकी 25 लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान जारी है। हमारा आपदा प्रबंधन दल और समूचा प्रशासन हाई अलर्ट पर है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दस्ते को घटना स्थल की रवाना कर दिया गया है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। उधर, जिले के जिलाधीश संदीप तिवारी ने कहा कि बचाव में जुटी टीमें चुनौतीपूर्ण मौसम, भारी बर्फबारी और बारिश के बीच फंसे हुए मजदूरों को निकालने में लगे हुए हैं। मौसम की चुनौती की वजह से राहत अभियान में दिक्कतें आ रही हैं, रात में इसे रोक दिया गया है। बदरीनाथ हाईवे के हनुमान चट्टी से आगे बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध होने की वजह से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें माणा कैंप तक नहीं पहुंच पाई हैं।

### लोगों को सुरक्षित निकालना...

अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घटना के बारे में जानकारी ली। एक्स पर पोस्ट राजनाथ ने कहा कि जोशीमठ के माणा क्षेत्र में आज दुर्भाग्यपूर्ण हिमस्खलन हुआ है, जिससे बीआरओ का जीआरईएफ कैंप प्रभावित हुआ है। स्थिति के बारे में सीएम से बात की। प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, स्थानीय सेना की इकाइयों द्वारा बचाव अभियान जारी है। सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### सेना के कैंप में जारी ...

जारी है। इलाके में अब भी आ रहे छोटे-छोटे हिमस्खलनों, भारी बर्फबारी की वजह से राहत-बचाव अभियान को अतिरिक्त सावधानी के साथ धीमी रफ्तार से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसमें मदद प्रदान करने के लिए जोशीमठ से माणा के लिए अतिरिक्त चिकित्सा संसाधन भेजे गए हैं।

### चूने के संग भस्मक...

जलाने के दौरान परिणामों का आंकलन किया गया। निष्पादन के दौरान कोई समस्या नहीं आई तो प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। हाईकोर्ट के निर्देशों में भी यही उल्लेख है। इसके पहले कचरा जलाने की प्रोसेस शुक्रवार को सुबह दस बजे शुरू हो गई थी। कचरे के साथ चूने को मिक्स कर 9-9 किलो के पैकेट बनाए गए। चूने के जरिए जहर के असर को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। सुबह से ही भस्मक को वार्म अप किया गया। 900 डिग्री से ज्यादा तापमान होने के बाद कचरा भस्मक में डाला गया। फैक्ट्री परिसर में स्पेशल आर्म्ड फोर्स के 130 जवान तैनात किए गए हैं। परिसर के बाहर डीएसपी रैंक के अधिकारी भी हैं। आसपास के सभी रास्तों की नाकाबंदी की गई है। बिना पूछताछ किसी को भी कंपनी परिसर के पास जाने की इजाजत नहीं है। कंपनी के समीप के गांव और आसपास के क्षेत्र में 500 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। दो एंबुलेंस भी गांव में घूम रही हैं। मौके पर मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी, धार के कलेक्टर प्रियंक मिश्र, एसपी मनोज कुमार सिंह समेत अन्य अफसर मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम दो विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ कंपनी परिसर के बाहर हैं।

**जीतू के बयान पर सीएम बोले- ये जहर कांग्रेस की देन:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर पलटवार किया है। उनका कहना है कि जीतू पटवारी की जितनी समझ है वे उसके अनुसार काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को देखा है। ये जहर कांग्रेस की देन है। उन्होंने बीमारियां फैलाईं। गैस हादसा कांग्रेस की सरकार के समय हुआ। ये उनकी लापरवाही थी। घटना के बाद यहां कचरा छोड़कर चले गए। इस पर कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मैं स्थानीय नेताओं और प्रशासन को चुनौती देता हूं। 10 किलोमीटर के भू-जल की जांच की जाए अगर उसमें कैंसर के तत्व नहीं मिलेंगे तो मैं सार्वजनिक माफी मांगूगा।

### भारत और ईयू के बीच...

सशक्त और महत्वाकांक्षी रोडमैप बनाने पर भी सहमति जताई। जिसे अगले सम्मेलन के दौरान लांच किया जाएगा। पीएम ने ईयू अध्यक्ष और उनकी टीम की भारत यात्रा को अभूतपूर्व बताया। वहीं, ईयू अध्यक्ष ने एफटीए को विश्व स्तर पर होने वाला एक सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता करार दिया। ईयू अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन अपने कॉलेज ऑफ कमिशनर्स के एक बड़े समूह के साथ बीते गुरुवार को भारत की दो दिवसीय यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंची थीं। यह बैठक भी इसी से जुड़ी हुई है। दोनों पक्षों के बीच 27 से 28 फरवरी तक विभिन्न क्षेत्रों की कुल 20 मंत्रिस्तरीय बैठकों के अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर ईमानदारी के साथ सकारात्मक बातचीत हुई। बैठकों में निकले विचार व प्रगति पर दोनों टीमें अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेताओं को सौपेंगी।

**नई वीजा रिजीम का किया स्वागत:** उन्होंने कहा कि भारत, ईयू की नई वीजा रिजीम का स्वागत करता है। जिससे देश के प्रतिभावान युवाओं की क्षमता को बेहतर ढंग से गति मिलेगी। लोगों के बीच संबंध हमारे संबंधों की अहम संपत्ति है। भारत के प्रतिभाशाली युवा और यूरोप का नवाचार मिलकर अनंत संभावनाओं को उत्पन्न कर सकते हैं।

**दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता: लेयेन:** एक थिंक टैंक को संबोधित करते हुए ईयू अध्यक्ष ने कहा कि यूरोपीय संघ भारत के साथ जापान और दक्षिण कोरिया की तर्ज पर एक भावी सुरक्षा-रक्षा भागीदारी के बारे में विचार कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बिगड़ते ईयू-अमेरिका संबंधों के बीच लेयेन ने कहा कि पूरी दुनिया की खतरे से व्याकुलता और बड़ी महाशक्तियों की प्रतिद्वंदिता के बीच भारत-ईयू के पास यह अवसर है कि वो अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार करें।

### व्यापार-निवेश सहयोग...

बढ़ने पर चर्चा हुई। तकनीक, नवाचार के क्षेत्र में एक भरोसेमंद व सुरक्षित वैल्यू चेन दोनों की साझा प्राथमिकता है।

### सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों...

क्षेत्र में सह-उत्पादन, विकास से जरूरतें पूरी की जा सकती हैं। निर्यात नियंत्रण कानूनों में एक-दूसरे को प्राथमिकता देने पर काम करना चाहिए। डीपीआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेस, 6जी जैसे क्षेत्रों में दोनों पक्षों के उद्योगों, अन्वेषकों और युवा प्रतिभा को जोड़ने के लिए काम करने पर प्रधानमंत्री ने जोर दिया।

### आईमैक से बढ़ेगी...

है। भारत-ईयू ग्रीन हाइड्रोजन फोरम और ऑफशोर विंड एनर्जी बिजनेस समिट का आयोजन करेंगे। ईवी बैटरी, मरीन प्लास्टिक व ग्रीन हाइड्रोजन में संयुक्त शोध किया जाएगा। सतत शहरी विकास पर हम अपनी संयुक्त योजना को आगे बढ़ाएंगे।

### बांग्लादेशी और रोहिंग्या...

होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के मामलों में 'ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक' कार्रवाई की जानी चाहिए और ऐसे मादक पदार्थ तंत्र को खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बैठक में कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में प्रवेश कराने, उनके दस्तावेज बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। शाह ने स्पष्ट किया कि निर्माण से जुड़े मामलों और 2020 के दंगों के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए दिल्ली पुलिस की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को विशेष अभियोजकों की नियुक्ति करनी चाहिए ताकि इन मामलों का जल्द निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को जल्द ही अतिरिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। डीसीपी स्तर के अधिकारियों को पुलिस थानों का दौरा करना चाहिए, जन सुनवाई शिविर आयोजित करने चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि झुग्गी बस्तियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए नयी सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिए। शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस को उन स्थानों की पहचान करनी चाहिए जहां रोजाना ट्रैफिक जाम लगता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस आयुक्त और मुख्य सचिव को बैठक कर इसका त्वरित समाधान निकालना चाहिए। शाह ने दिल्ली सरकार से जल-जमाव से निपटने के लिए 'मानसून कार्य योजना' तैयार करने को भी कहा। केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 26 साल के अंतराल के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में 'डबल इंजन' की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्मीद के अनुरूप विकसित और सुरक्षित राजधानी के लिए दोगुनी गति से काम करेगी।

### सीएम गुप्ता और...

मंत्री रहेगा। ऐसी व्यवस्था हर दिन खींचतान के कारण आम आदमी पार्टी के समय बहाल नहीं हो सकी थी। उच्चस्तरीय बैठक चूंकि अमित शाह ने खुद ली तो बिना कहे अधिकारियों को बहुत कुछ कह दिया गया। बैठक में दिल्ली की कानून व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक समस्या को खत्म करने पर चर्चा हुई। इस बैठक में दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा, केंद्रीय गृह सचिव, आईबी डायरेक्टर सहित दिल्ली पुलिस के सभी स्पेशल सीपी मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को काम करने की खुली छूट देने की बात की। सीएम रेखा गुप्ता ने गृह मंत्री के साथ मीटिंग करने के बाद कहा है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली में लॉ एंड आर्डर ही नहीं ट्रैफिक जाम, जल जमाव जैसी समस्याओं को हर हालत में दूर करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद और दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा के साथ मीटिंग कर सबकी जवाबदेही तय कर दी है।

### वित्तीय कानूनों को सरल...

के उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा 'एडोप्शन टू चेंजिंग लैंडस्केप : माई विकसित भारत - 2047' विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में अपने उद्घाटन भाषण में कीं। इस अवसर पर संसद सदस्य फग्गन सिंह कुलस्ते, बांसुरी स्वराज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**लोगों की आशाओं के अनुरूप नए कानून बनाएं:** भारत में कानूनी सुधारों का उल्लेख करते हुए, बिरला ने कहा कि भारत में पहली बार औपनिवेशिक कानूनों को बदलने, पुराने कानूनों को निरस्त करने और ऐसे नए कानून बनाने का प्रयास किया गया है जो नए भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जीएसटी, प्रस्तावित आयकर कानून, श्रम कानूनों और कंपनी कानूनों में किए गए बदलाव के बारे में बताते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि ये पहलें देश को प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के विजन को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून न केवल सरल, पारदर्शी और प्रगतिशील हैं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समावेशी भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रगतिशील कानून देश और समाज की बदलती जरूरतों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हैं।

### प्रॉविडेंट फंड पर...

बीच यह दर 8.50% थी, जो अब की तुलना में अधिक थी। ईपीएफ की अब तक की सबसे ज्यादा ब्याज दर 12% थी, जो 2001 में दी गई थी।

ईपीएफ में कर्मचारी और नियोक्ता (कंपनी) दोनों का योगदान होता है। कर्मचारी का योगदानः मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता का 12%। नियोक्ता का योगदानः कुल 12%, लेकिन इसमें से 8.33% कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में जाता है और 3.67% ईपीएफ खाते में जाता है। सरकार ने 15,000 से कम मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए ईपीएफ अनिवार्य कर दिया है। कुछ रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा था कि शेयर बाजार में गिरावट और ज्यादा पीएफ दावों की वजह से ब्याज दर घट सकती है। लेकिन ईपीएफओ ने इसे 8.25% बनाए रखने का फैसला लिया है। हालांकि, इसे लागू करने से पहले वित्त मंत्रालय की मंजूरी जरूरी होगी।

### कोमा की हालत में...

लिए जिम्मेदार वाहन चालक को सैन फ्रांसिस्को से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले को महाराष्ट्र की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले ने पिछले बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर उठाते हुए राज्य और केंद्र सरकार से मदद की गुजारिश की थी।


**30 मिनट में पूरी हुई वीजा की कार्रवाई:** नीलम के पिता ने मीडिया से बातचीत में इस दुखद हादसे से जुड़ा समूचा वृतांत बताते हुए कहा कि बीते 16 फरवरी को नीलम के साथ रहने वाली उसकी एक दोस्त से फोन पर बातचीत हुई थी। लेकिन उसने मुझे इस दुर्घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। लेकिन बाद में उसने नीलम के चाचा को इस घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। अभी फिलहाल नीलम कोमा में है। आज मैं और मेरे परिवार के लोग अमेरिका के दूतावास में वीजा लेने के लिए आए थे। दूतावास के अधिकारियों ने हमारा साक्षात्कार लिया और करीब आधे घंटे में ही तमाम प्रक्रिया को पूरा कर हमें अमेरिका का वीजा दे दिया गया। अब हम 1 मार्च को अमेरिका के लिए रवाना हो जाएंगे।

**केंद्र और महाराष्ट्र सरकार का धन्यवाद किया:** तानाजी ने इस पूरे मामले में त्वरित आधार पर की गई कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार (विदेश मंत्रालय), महाराष्ट्र सरकार और मीडिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे और मेरे परिवार को सरकार के स्तर पर बहुत सहयोग मिला। मीडिया ने भी हमें काफी मदद प्रदान की। मैं सभी का बहुत आभारी हूं। मेरी बेटी फिलहाल कोमा में है। मैं भगवान से यही प्रार्थना करूंगा कि वह जल्द ही ठीक हो जाए।

**पहले मिली थी अगले साल की वीजा वेटिंग:** गौरतलब है कि नीलम केलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में एमएस इंजीनियरिंग के अंतिम सेमेस्टर की छात्रा हैं। वह अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में एक साल की इंटर्नशिप भी कर चुकी है। सड़क हादसे के बाद उनके परिजनों ने 16 फरवरी को अमेरिकी दूतावास से वीजा के लिए संपर्क किया था। लेकिन उस वक्त उन्हें अगले साल वीजा देने के लिए कहा गया था।

### मप्र हाई कोर्ट ने ...

अच्छा माहौल बनाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति से संबंधित मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर 2023 को कथित असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण राज्य सरकार द्वारा छह महिला दीवानी न्यायाधीशों की बर्खास्तगी का स्वतः संज्ञान लिया था।



# अमेरिका में भी 'पुष्पा 2' के पीलिंग गाने की गूंज

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्म 'पुष्पा 2' काफी मशहूर हुई है। इस फिल्म को विदेशों में भी खूब पसंद किया गया। फिल्म के गाने भी काफी हिट रहे। फिल्म का गाना 'पीलिंग' बहुत मशहूर हुआ। एनबीए के ह्यूस्टन रॉकेट्स बनाम मिल्वौकी बक्स के हाफ-टाइम में प्रदर्शित किया गया। हाफ टाइम में इस गाने पर एक ग्रुप ने डांस किया। जिन लोगों ने गाने पर डांस किया उन्होंने नीली और गोल्डन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फिल्म के स्टार अल्लू अर्जुन के प्रति सम्मान व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म हिट रही थी। रिलीज होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

लाइफ Style



# अनन्या

## इन अभिनेत्रियों के निभाना चाहती हैं किरदार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी।

अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डी'कुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं। अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे।

अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाने की इच्छा है।

हॉलीवुड मसाला



# मुझे विश्वास नहीं हो रहा

**मुंबई।** बुधवार को हॉलीवुड के दिग्गज और ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन का निधन हो गया। वह अपनी पत्नी बेट्सी अराकावा के साथ न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। इस खबर ने दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और इंडस्ट्रीज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुनियाभर के सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ में लिखा, 'विश्वास नहीं होता कि दुनिया में अब जीन हैकमैन नहीं रहे।



# शुरू हुई ऑस्कर अवॉर्ड की उल्टी गिनती

**लॉस एंजिल्स।** अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यह अवार्ड 2 मार्च को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।' इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था।



# परिणीति ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, 'चलो शूटिंग पर डे 7' जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है। इस सीरीज में परिणीति के अलावा सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन नजर आएंगे।



# कियारा-सिद्धार्थ के यहां आने वाला है नन्हा मेहमान

**मुंबई।** कियारा आडवाणी सिद्धार्थ मलहोत्रा जल्द ही मां-बाप बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी है। जैसे ही उन्होंने ये जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी वैसे ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया। कई फिल्मी सितारे जिनमें आलिया भट्ट, सामांथा रुथ प्रभु, फरहान अख्तर और ईशान खट्टर शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है। पोस्ट पर आलिया भट्ट ने दिल कमेंट किया है। करीना कपूर ने लिखा है 'आपका अच्छा वक्त आ रहा है। भगवान आप पर दया करे।' ईशान ने कमेंट किया 'बधाई हो दोस्तों! और आप जल्दी बड़े हो जाओ छोटे। आपका सफर आसान हो।' रश्मिका मंदाना ने लिखा 'आप दोनों को बधाइयां।' सामंथा ने लिखा 'ओ मेरे भगवान। मुबारक हो।' फरहान अख्तर ने लिखा 'मुबारक हो।' कियारा और सिद्धार्थ ने अपने ज्वाइंट इंस्टाग्राम पर लिखा 'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा आ रहा है।'

टीवी मसाला

# लिखते-लिखते हमको नींद आ गई, वो वहीं तक रह गया

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम और ट्विटर पर वे खूब मजेदार पोस्ट शेयर करते हैं। हालांकि, कई बार उनके पोस्ट फैंस को हैरान कर देते हैं। ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हुआ, जब बिग बी ने एक पोस्ट में लिखा, 'टाइम टू गो'। इसके बाद फैंस परेशान हो उठे और इस ट्वीट का मतलब पूछने लगे। सोशल मीडिया पर उनके रिटायरमेंट तक के कयास लगाए जाने लगे। हालांकि, बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में इस वायरल पोस्ट पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के प्रोमो में



अपने उस ट्वीट पर बात करते दिखे हैं। दरअसल, एक फैन बिग बी से उस पोस्ट का जिक्र करती हैं। इस पर एक्टर कहते हैं, 'उसमें एक लाइन थी जाने का समय है, तो उसमें कुछ गड़बड़ी है क्या?' वहीं, एक अन्य फैन पूछती है- 'कहां जाने की प्लानिंग थी?' इसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने उस पोस्ट पर जवाब दिया। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'अरे भाई साब हमको काम पर जाने का समय आ गया है। गजब करते हो यार! और रात को जब यहां से छुट्टी मिलती है तो घर पहुंचते-पहुंचते एक-दो बज जाते हैं। वो लिखते-लिखते हमको नींद आ गई तो वो वहीं तक रह गया...जाने का वक्त और हम सो गए!' बता दें कि बिग बी की यह पोस्ट काफी तेजी से वायरल हुई थी। लोगों के मन में कई सवाल थे, उन सभी का जवाब आज खुद शहंशाह ने दे दिया है।

## 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' को मिले टॉप 5, अर्चना का कटा पत्ता

नई दिल्ली। टीवी के धमाकेदार शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इस शो में टीवी के कई नामी चेहरे नजर आ रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के जरिए अब स्टार्स एक्टिंग के बाद नेशनल टीवी पर अपना कुकिंग स्किल्स दिखा रहे हैं। साथ ही शो के जजेस फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार को अपने डिसेस से इंप्रेस कर रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' हाल ही में दीपिका कक्कड़ बाहर हो गईं। उनके जाते ही शो से उषा नाडकरणी का भी पत्ता कटा था। वहीं, अब एक्ट्रेस अर्चना गौतम भी शो से बाहर होने की खबर आ रही है। अर्चना को शो में एक स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट के तौर पर देखा जा रहा था। शो को इसके टॉप 5 फाइनलिस्ट मिल चुके हैं। इस लिस्ट में राजीव अदातिया, तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और मिस्टर फैजू शामिल हैं। अब इन पांचों के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है। वहीं, शो के जजेस यानी फराह खान, रणवीर बरार और विकास खन्ना के लिए ये तय करना बेहद मुश्किल होगा कि वो किसे विनर बनाएं और किसे बाहर करें।



# पं. नरेन्द्र ने हिंदी सिनेमा के लिए लिखे 100 से ज्यादा गीत

**नई दिल्ली।** पंडित नरेंद्र शर्मा ने भारतीय हिंदी सिनेमा के लिए कुछ ऐसे गीत लिखे, जो हमेशा के लिए सदाबहार बन गए, जैसे सत्यम शिवम सुंदरम। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा पास की और अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया।



नरेंद्र ने साल 1934 में 'अभ्युदय' अखबार प्रकाशित किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'हमारी बात' थी। वे ऑल इंडिया रेडियो की विविध भारती सेवा के संस्थापक भी रह चुके हैं।

### सत्यम शिवम सुंदरम से मिली पहचान

*नरेंद्र शर्मा को राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम के इसी नाम से शीर्षक गाने की रचना के लिए जाना जाता है। इस गाने की सुंदरता, सत्य और इसकी दिव्यता के बारे में एक संदेश हैं। उस समय यह गाना इतना लोकप्रिय हुआ कि इस फिल्म के लिए नरेंद्र को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।*

### अपना पिता मानती थीं लता मंगेशकर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लता मंगेशकर उन्हें अपने पिता के रूप में संबोधित करती थीं, जबकि उन्हें उनकी बेटी के रूप में संबोधित किया जाता था। ब्रिटेन के चैनल 4 के लिए नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा निर्मित और निर्देशित लता मंगेशकर ने कहा था कि उन्होंने पंडित जी से बहुत कुछ सीखा है और उनकी सलाह के आधार पर जीवन की कई कठिनाइयों से निपट सकती हैं।

### महाभारत सीरियल के लिए भी लिखे गीत

प्रेम रोग, सत्यम शिवम सुंदरम, राधा कृष्ण, सागर, अफसर, ज्वार भाटा और हमारी बात के अलावा भी कई फिल्मों के लिए गाने लिखे। पंडित नरेंद्र शर्मा ने सौ से ज्यादा फिल्मों के लिए लिखा और लगभग सभी बड़े संगीत निर्देशकों और गायकों के साथ काम किया। वह टीवी सीरीज महाभारत के वैचारिक सलाहकार भी थे, जिसके लिए भी उन्होंने गीत लिखे थे। यह उनका आखिरी काम था और 12 फरवरी 1989 को, शो के ऑन-एयर होने के चार महीने बाद, 76 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई।

# पांच साल बाद कानूनी लड़ाई खत्म कर ली कंगना और जावेद अख्तर ने

तपन बक्सी ▸▸ मुंबई

बहुत लोग जानते हैं कि 2020 से ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। 2016 में ऋतिक रोशन को लेकर कंगना रनौत एक विवाद में फंस गई थीं। उस समय, एक टीवी शो में कंगना ने दावा किया था कि अगर वह ऋतिक रोशन या उनके परिवार के खिलाफ कोई बयान देती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, ऐसा उन्हें जावेद अख्तर ने धमकाया था। न सिर्फ धमकी, बल्कि जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था। करीब पांच साल तक यह मामला अदालत में चला, लेकिन अब दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। आज, मुंबई में कंगना रनौत ने जावेद अख्तर के साथ अपनी एक अनूठी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा –!आज जावेद जी और मैंने हमारे बीच चल रहे मानहानि के मुकदमे को खत्म कर दिया। जावेद जी हमेशा से बहुत दयालु और नेकदिल इंसान रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि वह मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गाने लिखेंगे।'



गौरतलब है कि पांच साल पहले, कंगना रनौत ने एक बयान में कहा था – 'जब ऋतिक रोशन के साथ मेरा विवाद सार्वजनिक हुआ था, तब एक दिन जावेद जी ने मुझे अपने घर बुलाया था। वहां उन्होंने मुझसे कहा था कि ऋतिक रोशन के पिता, राकेश रोशन और उनका परिवार बॉलीवुड में बहुत प्रभावशाली है। अगर तुमने उनसे माफी नहीं मांगी, तो तुम्हारे पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। वे तुम्हें जेल भी भिजवा सकते हैं। तब तुम्हारे पास खुद को खत्म करने (आत्महत्या) के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।'


# बिना हीरो वाली फिल्म, हीरोइन के दम पर सुपरहिट हुई कहानी

## बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा बरसे थे नोट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक कई वुमन सेंट्रिक फिल्म बन चुकी हैं। ऑडियंस को इस तरह की फिल्में पसंद भी आती हैं। इस तरह की कई मूवीज बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल रही हैं। आज हम आपको ऐसी ही एक मूवी के बारे में बताते हैं, जिसे हीरोइन ने अपने दम पर सुपरहिट करा दिया था।

अच्छी कहानियों के दम पर ही फिल्में चलती हैं। फिर फर्क नहीं पड़ता है उसमें हीरो या फिर हीरोइन। ऐसी ही एक मूवी साल 2024 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई कर सुपरहिट साबित हुई। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आर्टिकल 370'।




### आदित्य सुहास ने किया था डायरेक्शन

'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने न सिर्फ दमदार एक्टिंग की, बल्कि दमदार एक्शन करते हुए भी नजर आई थीं। उन्होंने अपने किरदार को निभाने के लिए खासी मेहनत की, जिसका असर बड़े पर्दे पर साफ नजर आया। इस फिल्म का डायरेक्शन आदित्य सुहास जंभाले ने किया था।

### आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी फिल्म

इस फिल्म की कहानी कश्मीर में आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी। यह मूवी आर्टिकल 370 को निरस्त करने की रणनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। केंद्र सरकार की तरफ से इंटेलिजेंस ऑफिसर जूनी हक्सर (यामी गौतम) को एक खुफिया मिशन का जिम्मा सौंपा जाता है। फिर वह खूंखार आतंकवादियों से भिड़ जाती है।

### 2024 में हुई थी रिलीज

पॉलिटिकल ड्रामा थ्रिलर फिल्म 'आर्टिकल 370' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें कोई हीरो नहीं था। लीड रोल यामी गौतम ने निभाया था। उनके अलावा प्रियमणि, अरुण गोविल, मोहन अघासे और अन्य कई सितारे अहम किरदारों थे। इस फिल्म में यामी गौतम ने अपनी दमदार एक्टिंग से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था।

### 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी

सिनेमाघरों में रिलीज होते ही यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' छा गई थी और अपनी लागत से कई गुना ज्यादा मुनाफा कमाया था। आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी और देखते ही देखते फिल्म ने 100 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार लिया था। भारत में 'आर्टिकल 370' ने 77.98 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दुनियाभर में फिल्म की टोटल कमाई 105.01 करोड़ रुपए हुई थी। इस तरह फिल्म ने अपनी लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस वर्डिक्ट सुपरहिट है।

### आदित्य धर ने किया था प्रोड्यूस

यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' को पति आदित्य धर ने ही प्रोड्यूस किया था। यह साल 2024 की सबसे पॉपुलर और कामयाब बॉलीवुड फिल्मों में से एक साबित हुई। आईएमडीबी पर यामी गौतम की फिल्म को 10 में से 7.8 रेटिंग मिली है। हाल ही में फिल्म की रिलीज को 1 साल हुआ है। इन दिनों यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। यह यामी गौतम के कॅरियर की बेस्ट फिल्मों में से एक है।

# मुख्यमंत्री ने दंगवाड़ा में की बोरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख-समृद्धि

## डॉ. यादव सपत्नीक बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक चंबल नदी तट पर स्थित अति प्राचीन बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की ग्राम पंचायत दंगवाड़ा स्थित 4 हजार वर्ष से अधिक प्राचीन बोरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजन एवं जलाभिषेक पंडित जगदीश शर्मा, नमन शर्मा ने विधि-विधान से संपन्न कराया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर मे उपस्थित जन समूह को संबोधित किया और जिला पंचायत सीईओ जयती सिंह को सभी मांगों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिशित करने के निर्देश दिए।



## सीएम दमोह के नोहटा में श्री नोहलेश्वर महोत्सव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दमोह के नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव में महाशिवरात्रि महापर्व पर उज्जैन से देर रात 11.15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदि और अंत महादेव है। सुंदर और सत्य महादेव है। सृजन और संहार महादेव है। सनातन के आधार महादेव है और हमारे महादेव की शक्ति हैं आदिशक्ति जगदंबा माता पार्वती। मैं गौरीशंकर के चरणों में शीश झुकाता हूं।

**भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ सफल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री महाकाल महाराज की उज्जयिनी से नोहटा में विराजे भगवान श्री नोहलेश्वर महादेव को मैं प्रणाम करता हूं। ऐसी कृपा हुई भगवान भोलेनाथ की मुझ पर कि आज नोहलेश्वर महाराज ने भी मुझे अपनी शरण में बुलाया और बाबा महाकाल ने भी। भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ है। भोलेनाथ के आशीर्वाद से हम मप्र की प्रगति का नया अध्याय लिख रहे हैं। विरासत को सहेज कर विकास का रथ दौड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुत समय से सभी की इच्छा थी कि यहां महाशिवरात्रि महापर्व पर महोत्सव का आयोजन हो। बेहद प्रसन्नता की बात है कि इस बार 10 दिन का महोत्सव आयोजित हो रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दमोह से धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान निर्माण के लिए तीन करोड़ स्वीकृत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए राशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर जिले में उनकी जन्मभूमि चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

### चीता प्रबंधन के लिए 8 करोड़ 90 लाख रुपए की बजट स्वीकृति

**भोपाल।** वन विभाग ने चीतों के प्रबंधन वित्तीय वर्ष 2024-25 से वर्ष 2026-27 के लिए राशि 8 करोड़ 90 लाख की अनुमानित सीमा मान्य कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति कैबिनेट ने दी है। शासन स्तर से इसके आदेश भी 18 फरवरी को जारी कर दिए हैं। आदेश में भारत सरकार से आवंटन की प्रत्याशा में उपरोक्त योजना में कोई राशि व्यय की जाती है, तो भारत सरकार से राशि प्राप्त होने पर वन विभाग के राजस्व प्राप्ति मद में ऐसे व्यय के समतुल्य राशि जमा कराई जाएगी।

### जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

# आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र, मप्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

## राज्य सरकार ने खनन क्षेत्र में अपनाई उत्कृष्ट और दूरदर्शी नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राज्य सरकार की ओर से खनन के क्षेत्र में सतत विकास हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 55 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रिय नीतियों से खनन क्षेत्र निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य खनन उद्योग में देश का अग्रणी केन्द्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**खास बातें**

- मप्र को खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां मिली
- खनन क्षेत्र में अग्रणी बनेगा मध्य प्रदेश



### जीआईएस में निवेश करने वाली कंपनियां और उनके क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनन क्षेत्र में देश की लीडिंग कम्पनियों ने रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप, रीवा, जबलपुर में, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड उज्जैन में, ऑरो कोल प्रायवेट लिमिटेड शहडोल में, आदित्य बिड़ला, ईएमआईएल माइंस एण्ड मिन रेस लिमिटेड रीवा में, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप रीवा में, स्टॉक्स वर्क्स प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर में, सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड शहडोल में, जेके सीमेंट लिमिटेड शहडोल में, प्राइम-4 इंस्पेक्शन एलएलसी भोपाल में, रेकन केमिकल्स इंदौर में, बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड रीवा में और रामदास वर्मा एण्ड कम्पनी शहडोल में खनिज के क्षेत्र में कार्य करेगी।

### कॉपर, मैग्नीशियम अयस्क हीरा उत्पादन में मप्र प्रथम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कॉपर अयस्क, मैग्नीशियम अयस्क और हीरे के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यह देश का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, जो खनन उद्योग में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रदेश रॉक फॉस्फेट में दूसरा, चूना पत्थर में तीसरा और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संसाधन विकास में सहायक है।

### खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वर्ष 2023 में 85 खनन ब्लॉकों की रिकॉर्ड नीलामी कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मप्र को जुलाई-2022 में भारत सरकार की ओर से खनिज नीलामी में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही लौह-अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के खनिज नीलामी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मप्र को वर्ष-2024 में दूसरे राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनन ब्लॉक नीलामी और सक्रिय खनन पहल के सम्मानित किया गया है। यह राज्य की खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है।*



एम्स में दुर्लभ सर्जरी से मां और शिशु को मिला नया जीवन

## प्रेग्नेंसी के दौरान अटक गया था कृत्रिम वॉल्व, सांस देने में हो रही थी दिक्कत, किया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हृदय रोग से पीड़ति एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला का 10 वर्ष पूर्व हृदय के वाल्व में सिकुड़न के लिए ऑपरेशन कर कृत्रिम वाल्व लगाया गया था। हाल ही में गर्भावस्था के दौरान कृत्रिम वाल्व अटक गया था, जिससे मरीज को सांस लेने में दिक्कत आने लगी थी।

पूर्ण गर्भावस्था के पहले मरीज के अटके हुए कृत्रिम वाल्व का दोबारा ऑपरेशन करना मां एवं उसके अजन्मे शिशु दोनों के जीवन के लिए ही जोखिम भरा था। इस कारण यह निर्णय लिया गया कि मरीज को आईसीयू में रखकर गर्भावस्था पूर्ण होने तक प्रतीक्षा की जाएगी, ताकि अजन्मे शिशु का पूरी तरह विकास हो पाए। ऐसे मामलों को आमतौर पर अन्य अस्पताल विशेष चिकित्सा केंद्रों को रेफर कर देते हैं, लेकिन एम्स भोपाल की मल्टीस्पेशलिटी विशेषज्ञ टीम ने दोनों जटिल प्रक्रियाओं को एक ही समय में सफलतापूर्वक निष्पादित किया। एम्स की टीम ने सुनियोजित सर्जिकल प्रक्रिया के द्वारा मरीज का सिजेरियन ऑपरेशन कर शिशु को नया जीवन दिया तत्पश्चात मरीज के हृदय के अटके हुए वाल्व को बदलकर मां के जीवन की भी रक्षा की। सर्जरी की सफलता कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और बाल रोग विभाग के बीच सहज सहयोग के कारण संभव हुई जिन्होंने इस उच्च-जोखिम वाली प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सीटीवीएस विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और बाल रोग विभाग ने किया सहयोग**

# रायगढ़ की सड़क पर जंगली सुअर का उत्पात, बचाने पहुंची टीम पर किया हमला, रेस्क्यू के बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ में जंगल से भटक कर जंगली सुअर ने शहर में जमकर उत्पात मचाया। शहरी इलाके में पहुंचने के बाद उसका मुंह डीएफओ बंगला के मेन गेट में फंस गया था। किसी तरह उसका रेस्क्यू किया गया लेकिन ज्यादा चोट के चलते उसकी मौत हो गई। मामला, रिहायशी इलाके अतरमुड़ा का है। यहां डीएफओ बंगले के अलावा स्कूल और कुछ सरकारी दफ्तर भी है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे जंगल से भटकते हुए एक जंगली सुअर रोज गार्डन में पहुंचा था। जब गार्डन आए लोगों ने उसे देखा तो जंगली सुअर यहां से निकलकर डीएफओ बंगला के पास पहुंच गया। जंगली सुअर मेन गेट को पार करने की कोशिश करने लगा। इस दौरान गेट जालीदर होने के कारण जंगली सुअर मेन गेट में ही फंस गया। मामले की जानकारी लगी तो वन अमला भी तुरंत मौके पर पहुंचा। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोग गाड़ी रोककर जंगली सुअर का वीडियो बनाने लगे। वहां कई लोग जंगली सुअर को देखने इकट्ठा हो गए। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने गेट में चढ़कर, उसका मुंह निकालने की कोशिश की। जंगली सुअर खुद भी वहां निकलने के लिए छटपटाता रहा। उसके काफी बड़े दांत भी थे, ऐसे में उसके मुंह में गंभीर चोट आ गई थी। उसका मुंह लहूलुहान हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद विभाग के 3 कर्मचारियों ने उसका पैर पकड़कर खींचा और किसी तरह गेट से निकाला। गेट के चंगुल से छूटते ही सुअर ने रेस्क्यू करने वाले लोगों पर ही हमला कर दिया। लोगों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। इसके बाद सुअर ने रोड किनारे खड़ी दो बाइकों को टक्कर मारकर गिरा दिया। फिर वहां से दौड़ते हुए रिहायशी इलाका अतरमुड़ा की ओर चला गया। जंगली सुअर ने लोगों पर हमला करने की कोशिश भी की। कई लोग उसके हमले से बचे। इसके बाद जंगली सुअर अतरमुड़ा टीवी टावर के पास पहुंच गया। इधर-उधर भागने के दौरान जंगली सुअर नाली में गिर गया।



## स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया का किया अधिग्रहण

**भोपाल।** डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन करने का आदेश जारी किया है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, डीसीआई के सदस्य और कार्यकारी समिति के सदस्य राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर जारी किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष के कार्यों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन कर सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर कोई अन्य आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है।

## आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा अब 7 मार्च को होगी परीक्षा

**भोपाल।** कर्मचारी चयन मंडल की मध्यप्रदेश आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा 28 फरवरी को आयोजित होना था, लेकिन इस परीक्षा को स्थगित कर नई तारीख 7 मार्च 2025 तय कर दी गई है। मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के 660 पदों भर्ती के लिए न्यायालय याचिका के कारण ऑनलाइन प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है, इसके आवेदन 21 से 25 फरवरी तक होना थे, इसके कारण परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अब परीक्षा 7 मार्च 2025 से शुरू होगी। इस संबंध में नई सूचना जारी कर दी गई है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल (मप्र) के तहत पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा में उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर द्वारा याचिकाकर्ताओं को उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र जमा करने के लिए अंतरिम राहत दी गई है।

## राजनांदगांव में बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के शंकरपुर स्थित एक बारदाना गोदाम में आग लग गई। घटना में करीब 3 लाख पुरानी जूट और प्लास्टिक की बोरियां जलकर राख हो गईं। घटना गुरुवार दोपहर की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र के इस गोदाम में आग इतनी भयंकर थी कि दमकल कर्मियों को आग बुझाने में 6 घंटे का समय लगा। बता दें कि यहां पुराने बारदाना की मरम्मत कर बेचने का काम होता था। गोदाम मालिक का कहना है कि यह गोदाम नया बना था। आग से गोदाम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अब इसके पुनर्निर्माण में लाखों रुपए खर्च होंगे।

## सुकमा में 32 लाख रुपए के 7 नक्सलियों का सरेंडर

**जगदलपुर।** सुकमा जिले में 32 लाख रुपए के 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें एक दंपती भी शामिल है। 3 माओवादियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम है। ये तीनों नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 के सदस्य हैं। नक्सली हिड़मा और देवा के साथ काम कर चुके हैं। जबकि अन्य 4 नक्सली 2-2 लाख रुपए के इनामी हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल, आत्मसमर्पित नक्सलियों में रव्वा मूके उर्फ भीमे और हेमला हिड़मा एक ही टीम में काम करते थे। दोनों को एक-दूसरे से प्यार हुआ। फिर दोनों ने बड़े लीडरों से अनुमति ली और शादी कर ली। लेकिन नक्सली लीडर्स ने इन्हें बच्चे की इजाजत नहीं दी। ये दोनों अपना घर बसाना चाहते थे। इसलिए सरेंडर करने का मन बनाया। नक्सल संगठन में रहते ये दोनों इंसास जैसे हथियार चलाते थे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **सुरेंद्र सिंह उर्फ सुंदर, पुत्रः श्री बलवंत सिंह, निवासीः मकान नं. 98ए, ऊपरी प्रथम तल, चंदर विहार, निलोठी, दिल्ली** और नामः **राजू सिंह, पुत्रः श्री बाबू सिंह, निवासी मकान नं. तीतर का बोलनी, किशन गढ़ बास, अलवर, राजस्थान** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.894/2020 U/S 392/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **सुरेंद्र सिंह उर्फ सुंदर और राजू सिंह** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सुरेंद्र सिंह उर्फ सुंदर और राजू सिंह** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **सुरेंद्र सिंह उर्फ सुंदर और राजू सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री कोमल गर्ग**
**एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**पश्चिम जिला, कमरा नं. 292**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2533/OD/2025**

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, दिल्ली–110006 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडो को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु एक पैकेट प्रणाली में ई–निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण –**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग दिल्ली एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र दिल्ली मण्डल (दिल्ली एन सी आर एरिया, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में स्थापित) में लोकल पर्चेज (खुदरा खरीद) की मेडिसिन्स, सर्जिकल आइटम्स और कांसुमाब्लेस की आपूर्ति हेतु वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु। |
| अनुमानित लागत मूल्य 02 (दो) वर्ष के लिए | रूपये 5,59,27,704.00 (पांच करोड़ उनसठ लाख सताइश हजार सात सौ चार) केवल। |
| धरोहर राशि | रूपये 5,59,280.00/– (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ अस्सी) केवल। |
| कार्य की अवधि | कार्य के शुरु होने की तिथि से 02 (दो) वर्ष तक तथा 06 माह के अधिकतम अतिरिक्त अवधि हेतु। |
| निविदा बंद होने व खुलने का समय व पता | जमा करने का समय 19.03.2025 (बुधवार) के 13:00 बजे तक व खुलने का समय उसी दिन 13:30 बजे उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग दिल्ली–110006 के कार्यालय पर |
| वेबसाइट का पता | भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। Tender No. NRDHDLI-LP-2425A |
| ऑफर की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलिआं अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन ही जमा की जानी है। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल बोलियों/प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदाकारों को भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम आई.आर.ई.पी.एस. साइट यानि **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि आवश्यक हो, केवल इसी वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।

पत्र स. 43–मेड/उरेमचि/एलपी (रिटेल)/विज्ञापन/2025 दिनांक – 27.02.2025 **657/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**FORM - IV**
**Statement of ownership and other particulars about Hari Bhoomi as required by Registration of Newspapers (Central) Rules 1956 :**

1. Place of Publication : Hari Bhoomi,129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi, New Delhi-110035
2. Periodicity of Publication : Daily
3. Printer's Name : Davender Singh Balain
   Nationality : Indian
   Address : 18, Subhash Nagar, Rohtak, Haryana-124001
4. Publisher's Name : Davender Singh Balain
   Nationality : Indian
   Address : As above
5. Editor's Name : Dr. Himanshu Dwivedi
   Nationality : Indian
   Address :H.No. 164, Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi-110057

Hari Bhoomi, is owned by Hari Bhoomi Communications Private Limited, 129, Transport Centre, Panjabi Bagh, West Delhi-110035 having following share holders holding more than one percent of the total capital :

i) Abhimanyu Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
ii) Sarvesh Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
iii) Vir Sen Sindhu 1, Garud Nagar, Gevra Project, Korba, Chhattisgarh - 495452
iv) Vrit Pal Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
v) Satya Pal Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vi) Anika Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vii) Swasti Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana - 124001
viii) Rachna Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana - 124001
ix) M/s Indus Edumanagement Services Private Limited 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035
x) Paramitra Holdings Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035

I, Davender Singh Balain, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Sd/-
Davender Singh Balain
Publisher
Dt. 01-03-2025


### उमरिया में राज्यपाल ने हितग्राहियों से किया संवाद

# जनजातीय परिवार बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें

- *बेटे के साथ बेटी को भी शिक्षित करने का आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातियों के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की ओर से अनेक महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनजातियों को सीधे तौर पर इनका लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे जनजातीय समुदाय सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

राज्यपाल पटेल उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बैगा समुदाय के हितग्राहियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रगति के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। जनजातीय समुदाय के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में कार्य करना सबसे महत्वपूर्ण हैं। बेटे के साथ-साथ बेटी को भी शिक्षित करें, तभी हम प्रगति की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार ने पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### टंगराटोला के तीसरी कक्षा के बच्चों से किया संवाद

*राज्यपाल पटेल ने उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा के प्राथमिक शाला भवन टंगराटोला के कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताया तथा उन्हें व्यायाम करने, मोटा अनाज, मिलेट्स का सेवन करने, ज्यादा से ज्यादा पानी पीने एवं भरपूर नींद लेने की बात कही। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मप्र के राज्यपाल अर्थात स्वयं के नाम भी पूछा। राज्यपाल के पूछे गए प्रश्नों के बच्चों से सटीक जवाब सुनकर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की।*

### राज्यमंत्री गौर ने शुभारंभ कर जताई खुशी



# विंध्याचल भवन में होगा पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के दो विभागीय कार्यालय पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग का अभी तक कोई कार्यालय नहीं था। पिछले कई सालों के उक्त विभागों के गठन के बाद से अपना अलग से कार्यालय नहीं होने कामकाज प्रभावित होता था। हालांकि अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने विन्ध्याचल भवन में ग्रामीण विकास का कार्यालय रिक्त होने पर कुछ फर्नीचर समेत कार्यालय देने के लिए संबंधित विभागों को राजी कर लिया। इसके बाद गुरुवार को इस कार्यालय शुभारंभ कर दिया गया।

**सेवानिवृत्ति के पूर्व कार्यालय शुरू होने पर एसीएस केसरी ने जताई प्रसन्नता**

### सरलता से होंगे काम

*शुभारंभ के मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने विंध्याचल भवन में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमंतु, अर्ध-घुमंतु कल्याण विभाग के कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब विभाग सरलता से कार्य कर सकेगा। कार्यालय विंध्याचल भवन में द्वितीय तल पर शुरू हुआ है। एसीएस केसरी ने कहा कि काफी समय से वे अपना कार्यालय नहीं होने पर दिक्कत महसूस कर रहे थे। अब जाकर उन्हें सफलता मिली है। हालांकि एक दिन बाद ही उनकी सेवानिवृत्ति है। किंतु कार्यालय शुरू होने की खुशी है।*

## चिंतन

# शेयर बाजार में हाहाकार शुभ आर्थिक संकेत नहीं

भारतीय अर्थव्यवस्था भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लगातार दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार सुस्त है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है, विदेश मुद्रा भंडार पर भारी दबाव है, डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। राजकोषीय व वित्तीय घाटा में इजाफा हो रहा है, सार्वजनिक व्यय सिकुड़ रहा है। निजी निवेश भी नहीं बढ़ रहा है, महंगाई चरम पर है और अब भारतीय शेयर बाजार क्रैश कर रहा है। स्टॉक मार्केट के लिए आज ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। फरवरी माह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1414 अंक लुढ़का है और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420 अंक टूटा है। इस भारी गिरावट से बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ व चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने के ऐलान के बाद से व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका में दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है। इस दबाव में भारतीय घरेलू स्टॉक मार्केट भी है। विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार में भारी बिकवाली कर रहे हैं, वे यहां से पैसा निकाल कर चीन का रुख कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने, चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाने की अमेरिकी घोषणा और यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को बढ़ा दिया है। हालांकि अमेरिकी, जर्मन व चीनी स्टॉक मार्केट मजबूत हो रहे हैं। अकेले फरवरी महीने में ही निफ्टी 1,383.7 अंक यानी 5.88 प्रतिशत गिर गया जबकि इस महीने सेंसेक्स ने 4,302.47 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह निफ्टी में लगातार मासिक गिरावट का करीब तीन दशकों का सबसे लंबा दौर है। अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 फीसदी गिरा था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजारों में गिरावट का दौर है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपये था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया। महज, 5 महीनों में निवेशकों की संपत्ति 90 लाख करोड़ रुपये घट गई है। विदेशी निवेशकों ने केवल पांच महीनों (अक्टूबर 2024-फरवरी 2025) में, भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। सितंबर और दिसंबर तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के कारण निवेशकों ने ये बिकवाली की है। निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय के सामने स्टॉक मार्केट में स्थिरता लाने की चुनौती होगी। भारतीय बाजार में गिरावट का सबसे अधिक असर पिगी इन्वेस्टर (खुदरा आम निवेशक) पर पड़ता है, इसलिए अर्थव्यवस्था के संकेतकों को स्थिर रखना आवश्यक है।

# दिल्ली सरकार वादों पर संकल्पबद्ध



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

> पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का खज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत है, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली खज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने कामकाज शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टीम अपनी टीस को पीछे रख दिल्ली को संवारने के प्रयास में जुट गई है। 27 वर्ष बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से, सरकार गठन तक 8 फरवरी से 20 फरवरी के बीच भाजपा के अंदर अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए। अनेक भाजपा नेताओं की उम्मीदों पर तुषारापात हुआ, अनेक के सपने चकनाचूर हुए।

अनेक चेहरों पर हैरानगी व रोष नज़र आया। दिग्गज दावेदार बाट जोहते रहे, नेपथ्य से ऐसा तीर निकला कि सभी भौचक्के रह गए। खैर भाजपा का यह 'रेखा प्रयोग' सफल होता है या आत्मघाती साबित होता है, यह वक्त ही बताएगा, लेकिन दिल्ली के चुने हुए भाजपा विधायकों को सीएम चुनने के लिए 'पार्टी के ऊपर से पर्ची सिस्टम' को बदलने की दिशा में आत्ममंथन करना चाहिए। संवैधानिक रूप से विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार केवल और केवल विधायकों का ही होना चाहिए। जिस लोकतंत्र से विधायक बनते हैं, उसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से ही विधायक ही अपना नेता चुनें, तो अधिक योग्य नेता का चुनाव हो सकेगा। राष्ट्रीय पार्टी को भी पर्ची सिस्टम से बचना चाहिए। खैर, भाजपा के 'आलाकमान आकाओं' ने रेखा गुप्ता के हाथ में दिल्ली की कमान सौंप दी है। अब पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का खज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

रोहिणी में अपने चुनावी भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमने अपनी बहनों को 2,500 रुपये प्रति माह देने का संकल्प लिया है। यह गारंटी पूरी होगी क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। वित्त प्रबंधन करने से लेकर, मुख्य चुनावी वादों को पूरा करने व यमुना की सफाई करने तक, भाजपा सरकार के सामने, प्रशासनिक कामकाज शुरू करने के लिए बहुत कार्य हैं। पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखने का वादा भाजपा की ओर से किया गया था। चुनावी प्रचार के दौरान पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। पिछली आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी का कनेक्शन व महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा शामिल हैं। शहर के प्रदूषण व बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना होगा व यमुना की सफ़ाई करनी होगी। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी



की वित्तीय सेहत पर नज़र रखते हुए ये सारे कार्य पूरे करने हैं। विपक्ष के तौर पर आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर दबाव बनाए रखेगी। भाजपा को दिल्ली में अपने संकल्प पत्र के प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना होगा। भाजपा ने दिल्ली में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने का वादा लागू करने का निर्णय ले लिया है। इस योजना में प्रति लाभार्थी को 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज उपलब्ध है व साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का खर्च वहन किया जाएगा। 'आप' सरकार ने पहले इसे लागू करने से इनकार कर दिया था, यह दावा करते हुए कि दिल्ली की मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बेहतर व अधिक समावेशी है। भाजपा ने दिल्ली के 'मोहल्ला क्लीनिकों' में सुधार करने की आश्वासन दिया है।

राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक व मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लीनिकों को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जाएगा व बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएंगी। भाजपा ने 'आप' पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है कि वह वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए जान-बूझकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से बचती रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि सभी लंबित सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाएगा व सभी भ्रष्टाचार के आरोपों की गहन जांच की जाएगी।

दिल्ली विधानसभा में कैग रिपोर्ट को पेश कर दिया गया है, जिसमें अस्पताल व शराब घोटाले को लेकर बात की गई है। आप के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मुख्य आरोप 'शीश महल' विवाद व 'शराब नीति' मामले में थे। जब भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए 'आप' को घेरा, तो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 'ज़हरीली अमोनिया से यमुना नदी को प्रदूषित कर रही है'। इसका कोई साक्ष्य नहीं है। दिल्ली सरकार ने यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा हटाने वाली मशीनें व ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है।

भाजपा सरकार पर दिल्ली की बिगड़ी सड़कों व सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव है। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी व इन मुद्दों को संबोधित करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। दिल्ली आज विश्व का अधिकतम प्रदूषित शहर है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 'गैस चैम्बर' कहा है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अपडेट करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करना आवश्यक है। भाजपा के लिए एक और चुनौती दिल्ली में एक स्थिर नेतृत्व बनाए रखना होगा। 1993 से 1998 तक के अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, पार्टी के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री थे- मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा व सुषमा स्वराज। सुषमा स्वराज केवल 52 दिन की मुख्यमंत्री रहीं। क्या इतिहास खुद को दोहरा सकता है व पांच साल में तीन मुख्यमंत्री देखे जा सकते हैं? दिल्ली में भाजपा के अगले पांच साल व्यापक राजनीतिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन 'आप' के भविष्य को आकार देने व देश की राजनीतिक दिशा निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। दिल्ली को ग्लोबल सिटी बनाने का वादा, भाजपा के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। अब सीएम रेखा सरकार के प्रशासनिक निर्णय व उनके कार्यान्वयन पर सभी की नज़र है। दिल्लीवासियों को पिछले पांच सालों में अनेक प्रताड़नाओं से जूझना पड़ा। अब उम्मीद कायम है कि भाजपा संकल्पबद्ध है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद व सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक

मुनीष भाटिया




# भारत के 'तेल व्यापार' पर अमेरिकी आपत्ति अस्वीकार्य

भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और अपनी आर्थिक एवं व्यापारिक नीतियों को तय करने का पूर्ण अधिकार रखता है। भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से उभरती हुई शक्ति बन चुका है और ऐसे में किसी अन्य देश द्वारा उसकी नीतियों में हस्तक्षेप करना उसकी सम्प्रभुता का उल्लंघन ही माना जाएगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत की कंपनियों के ईरान से अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदने पर आपत्ति जताना और प्रतिबंध लगाने की धमकी देना उसी दादागिरी का हिस्सा है, जो वह पहले भी रूस से तेल खरीदने के मामले में दिखा चुका है। अमेरिका अक्सर अपनी ताकत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों पर अपनी नीतियां थोपने की कोशिश करता है। अमेरिका को समझना होगा कि भारत न तो किसी दबाव में आएगा और न ही अपनी संप्रभुता से समझौता करेगा। अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध या सहायता पर रोक जैसे कदम केवल उसकी असल मानसिकता को ही दर्शाते हैं, जिससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान होगा। आज की स्थिति में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत केवल एक उभरता बाजार ही नहीं बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अहम हिस्सा भी बन गया है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3.73 ट्रिलियन डॉलर है। अनुमान है कि 2027 तक यह 4.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 2023 में 191 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका को भारतीय बाजार की ज्यादा जरूरत है। अमेरिका यदि भारत पर किसी भी प्रकार की व्यापारिक पाबंदी लगाता है, तो इससे उसे भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि भारत में एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और टेस्ला जैसी अमेरिकी कंपनियां अपना विस्तार कर रही हैं। भारत अपनी कुल तेल जरूरत का 85% आयात करता है। 2023 में भारत ने 1.64 मिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात रूस से किया, जिससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। 2018 तक भारत ईरान से 480,000 बैरल प्रतिदिन तेल आयात कर रहा था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इसमें गिरावट आई। अब भारत फिर से ईरान से तेल खरीदने के विकल्प तलाश रहा है। अमेरिका ने पहले भी रूस से भारत के तेल खरीदने पर दबाव बनाया था, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत अपने नागरिकों के हित में निर्णय लेता है, न कि किसी बाहरी दबाव में। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने रूस से व्यापार जारी रखा क्योंकि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। अमेरिका का तर्क है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का पालन सभी देशों को करना चाहिए, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यदि ईरान से सस्ता तेल मिलता है, तो भारत को किसी अन्य देश के प्रतिबंधों की परवाह नहीं करनी चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में अमेरिकी सहायता पर भी रोक लगाई और भारत पर इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया। भारत आत्मनिर्भरता की नीति के तहत आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुका है। जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और यह दिखाया कि वह वैश्विक मुद्दों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। अमेरिका की भारत में रणनीतिक रुचि का एक महत्वपूर्ण कारण चीन की बढ़ती ताकत है। चीन लगातार अपने सैन्य और आर्थिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगी देश चिंतित हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित करने में उसकी सहायता करे। इसी कारण अमेरिका भारत को विभिन्न रक्षा और तकनीकी सहयोग कार्यक्रमों में शामिल करना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच क्वाड समूह का गठन भी इसी रणनीति का हिस्सा है। यह समूह चीन के आक्रामक रवैये के खिलाफ एक संतुलन बनाने का प्रयास करता है। अमेरिका को यह समझना होगा कि यदि वह भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखना चाहता है, तो उसे पारस्परिक सम्मान और सहयोग की नीति अपनानी होगी। दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और दोनों के आपसी संबंधों में मजबूती बनी रहनी चाहिए, लेकिन यह तभी संभव है जब अमेरिका भारत की संप्रभुता का सम्मान करे। वरना, भारत जैसी तेजी से उभरती हुई शक्ति के सामने उसकी नीतियां अधिक समय तक नहीं टिक पाएंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

**दर्शन**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

**प्रेरणा**

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं**

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।

- **रमेश चौहान**, भाटापारा

## ट्रेंड

### बचाव प्रयास जारी



जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ है, जिसका असर बीआरओ के जीआरईएफ कैंप पर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन व सेना इकाइयों द्वारा बचाव प्रयास जारी हैं। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### दिल्ली के हित सर्वोपरि



आप-दा ने 10 वर्षों में दिल्ली के छोटे-छोटे मुद्दों के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब डबल इंजन सरकार दिल्ली के हित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करेगी और एक समृद्ध एवं विकसित दिल्ली के मार्ग को प्रशस्त करेगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### ऋण वृद्धि पुनर्जीवित



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर बैंक ऋण पर जोखिम भार कम करके ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति**

### परम चैतन्य




जिस चेतना की उपस्थिति में हम अपने अतीत की ग्लानि और भविष्य की चिंता से मुक्त होते हुए "आनंद से पूर्ण" हो जाएं तब समझिए हम "परम चैतन्य" के कृपाक्षेत्र में हैं। प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करके मुझे यही अनुभूत हुआ।

**-आशुतोष राणा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल परीक्षण का दावा


उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से 'बढ़ते खतरे' का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी की। यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण कार्यक्रम है। केसीएनए ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य 'हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।



## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की होगी कमी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।




### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# मैं तंग आ चुका हूं, सारी फाइलें फेंक दूंगा

**जस्टिस ओका ने वकीलों को शांत रहने और बारी-बारी से दलीलें देने को कहा लेकिन वे नहीं माने**

**सुनवाई के बीच वकील पर भड़के मीलॉर्ड**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस अभय एस ओका शुक्रवार को सुनवाई के बीच तब भड़क गए, जब एक साथ कई वकीलों ने बोलना शुरू कर दिया और अपनी-अपनी दलीलें पेश करने लगे। इससे जस्टिस ओका ने वकीलों को शांत रहने और बारी-बारी से दलीलें देने को कहा, लेकिन वकील इस पर भी बाज नहीं आए। इससे जस्टिस ओका वकीलों पर भड़क गए और बोले, वे ऐसी अनुशासनहीनता देख-देख कर तंग आ गए हैं। जस्टिस ओका ने कहा कि हम हर रोज इस तरह की अनुशासनहीनता देखते हैं।

जब हम वकीलों से पूछते हैं कि वे किसके लिए पेश हो रहे हैं, तो उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिलता। इसके बाद मौखिक रूप से टिप्पणी की कि यही जारी रहा तो मैं सारी फाइलें फेंक दूंगा। उन्होंने कहा कि कोर्टरूम में एक नियम लागू किया जाना चाहिए कि अगर वकील एक ही समय में बहस करते रहेंगे, तो हम उनकी फाइलें फेंक देंगे।

## सिब्बल ने इसे स्वीकार किया

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि इस हंगामे में कई दखलंदाज लोग शामिल हैं, जो इस मामले को अदालत से बाहर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सच है। यह मामले को खत्म करवाने की उनकी रणनीति का हिस्सा है। जिनके मामले सूचीबद्ध हैं, वे अदालत में अपनी दलील देने में सक्षम नहीं हैं और जो लोग मामले से जुड़े नहीं है वे दखलंदाजी दे रहे हैं। जस्टिस ओका ने यह भी कहा कि ऐसी अनुशासनहीनता हम केवल सुप्रीम कोर्ट में ही देखते हैं। मैं बॉम्बे हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट में भी रह चुका हूं लेकिन वहां इस तरह की अनुशासनहीनता कभी नहीं देखी।जस्टिस ओका ने कहा, अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमें भी ऐसे मामलों से निपटना आता है। अगर वकील हमारी कोर्ट में हल्ला करेंगे तो हम उनकी फाइल फेक देंगे।

## याचिका खारिज, बताएं 200 मौतों के दावे का क्या सबूत?

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर लगी याचिका खारिज कर दी है। याचिका में याचिकाकर्ता आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने दलील दी थी कि रेलवे प्रशासन मौतों की वास्तविक संख्या को छिपा रहा है, जो 18 बताई गई थी। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगदड़ के दौरान करीब 200 मौतें हुई थीं। कोर्ट ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता यह दावा कर रहा है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि 200 मौतों के कथित दावे का क्या सबूत है? याचिकाकर्ताओं के वकील की संक्षिप्त सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रभावित लोगों को कोर्ट में आना चाहिए।




## हाईकोर्ट ने जांच का दिया था आदेश

वकील ने कहा कि यह याचिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रासंगिक नियमों के उचित कार्यान्वयन के लिए दायर की गई थी। याचिका में मामले से जुड़े सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता शिकायत के साथ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। इससे पहले 19 फरवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय ने रेलवे से अधिकतम यात्रियों की संख्या तय करने और प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री की जांच करने को कहा था।

**विभिन्न फसलों की पैदावार अच्छी होने की संभावना**

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से कृषि क्षेत्र की साप्ताहिक समीक्षा की

# शिवराज ने दिए निर्देश- किसानों को मिलने चाहिए अच्छे भाव

**21 फरवरी तक कुल फसल बुआई क्षेत्रफल 22.317 लाख हेक्टेयर हुआ**

**मखाना बोर्ड गठन की प्रक्रिया में तेजी के साथ किसानों से सुझाव लेने के दिए निर्देश**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को समग्र कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक में समीक्षा की। वीसी द्वारा भोपाल से जुड़े केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कृषि भवन, नई दिल्ली में बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से फसलों की बुआई, उपार्जन, मौसम व जलाशयों की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही उपज के थोक व खुदरा मूल्यों के बारे में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न उपज की पैदावार अच्छी होने की संभावना के मद्देनजर चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे कि किसानों को अच्छे भाव मिल सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की सदैव यहीं मंशा रहना चाहिए कि किसानों को उनकी फसल के बेहतर दाम मिलें, इसमें कहीं कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। देश के आम बजट में की गई मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा के क्रम में कृषि मंत्री ने निर्देशित किया कि बोर्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएं, साथ ही उन्होंने मखाना उत्पादक किसानों से सुझाव लेने के निर्देश भी दिए ताकि उनके आधार पर मखाना के सभी किसानों के हितों के मद्देनजर कार्य किया जा सकें। ज्ञात हो कि चौहान ने गत दिनों बिहार जाकर मखाना उत्पादन स्थल पर ही संबंधित किसानों से चर्चा की थी। केंद्रीय मंत्री द्वारा ली गई इस साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन बुआई की प्रगति के बारे में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 21 फरवरी तक कुल फसल बुआई क्षेत्रफल 2024-25 में 22.317 लाख हेक्टेयर हो चुका है जो कि 2023-24 की समान अवधि तक 21.845 लाख हेक्टेयर था, यानी 0.472 लाख हेक्टेयर ज्यादा बुआई हुई है। इसमें धान का बुआई क्षेत्र गत वर्ष के 18.197 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल 19.492 लाख हेक्टेयर हो चुका है, जो 1.294 लाख हेक्टेयर अधिक है। इसी तरह, अन्य फसलों का बुआई क्षेत्र लगभग सामान्य के आसपास है और बुआई निरंतर जारी है जिससे उम्मीद है कि कुल क्षेत्रफल गत वर्ष से अधिक हो सकता है। बैठक में बताया गया कि रबी मौसम के लिए प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज व आलू की बुआई की स्थिति 21 फरवरी 2025 तक गत वर्ष से अधिक है। प्याज की बुआई 10.29 लाख हेक्टेयर और आलू की बुआई 19.82 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है जो कि क्रमशः 1.66 लाख हेक्टेयर और 0.31 लाख हेक्टेयर ज्यादा है, वहीं टमाटर की बुआई 2.41 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। प्याज, आलू व टमाटर की बुआई के लिए समय अभी भी उपलब्ध है और मौजूदा अच्छी बाजार कीमतों को देखते हुए सामान्य क्षेत्र हासिल करने की उम्मीद है।

## कांग्रेस ने किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर एमएसपी न देने पर केंद्र सरकार को घेरा

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक बार फिर से किसानों के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। फसलों के समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर देश के किसानों के खिलाफ बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी ने एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार एमएसपी तय करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया। कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि सरकार ने समर्थन मूल्य को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एक समिति बनाई थी, जिसकी कई बैठकें हो चुकी हैं। लेकिन अब तक कुछ ठोस सामने नहीं आ सका है।



### सरकार के सामने कांग्रेस सबूत पेश कर रही

कांग्रेस नेता अभय दुबे ने कहा कि कांग्रेस एमएसपी के कानूनी अधिकार के लिए भाजपा सरकार के सामने सबूत पेश कर रही है, जो सरकार के पास पहले से मौजूद है। उन्होंने कहा कि कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति (2024-25) ने 17 दिसंबर 2024 को सदन में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें 13 नवंबर 2024 की बैठक का हवाला देते हुए साफ तौर पर कहा गया है कि जब तक एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी जाती, तब तक किसानों को फायदा नहीं होने वाला है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि संसदीय समिति ने भी कहा है कि समर्थन मूल्य स्वामीनाथन की सिफारिश सी2+50 प्रतिशत के अनुसार नहीं दिया जा रहा है और उसने भी इसी फार्मूले को लागू करने की सिफारिश की है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

*दुबे ने एक पीसी के दौरान कहा कि एक तरफ 22 फरवरी को देश के कृषि मंत्री भोपाल से दिल्ली के लिए उड़ान भरते हैं और यात्रा के दौरान उन्हें विमान की सीट पर बैठने में परेशानी होती है और सोशल मीडिया पर हंगामा मच जाता है। दुबे ने आरोप लगाया कि किसान पिछले कई वर्षों से परेशान हैं, लेकिन उनकी बात कोई नहीं करता। दुबे ने केंद्र पर किसान विरोधी होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही किसानों को मिलने वाला बोनस बंद कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि अधिकार छीनने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई और लागत का 50 प्रतिशत से अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने से इनकार कर दिया गया। वे ये बताना भूल गए कि उसी दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के दरभंगा में मखाना के किसानों के साथ पोखर में उतरकर उनकी मुश्किलें जानी और चंडीगढ़ में आंदोलनरत किसानों से अलग अलग चर्चा की।*

### कांग्रेस ने केंद्र पर लगाया किसानों से प्रतिशोध का आरोप

*दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि देश की भाजपा सरकार किसानों के खिलाफ प्रतिशोध की आग में इस हद तक जल रही है कि पहले वह उनके भूमि अधिकार छीनने के लिए अध्यादेश लाती है, फिर कृषि के क्रूर काले कानून बनाती है, फिर उनके रास्तों में कीलें और कांटे बिछाती है, उनके सिर का खून बहाती रहती है और अब जब वे फसलों के दाम पर कानूनी अधिकार मांगते हैं तो तारीख पर तारीख देती रहती है।*

## पीएम मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सभी नागरिकों को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि विज्ञान के प्रति उत्साहपूर्ण भाव रखने वाले लोगों, विशेषकर हमारे युवा अन्वेषकों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई। विज्ञान और नवाचार को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्य करें। विकसित भारत के लिए विज्ञान का लाभ लें।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा सं.: आईआरसीटीसी/2025/आईटीसी/आईटी(टीपी)/ई85/बस – आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप पर बस इन्वेंटोरीज कंटेंट की सोर्सिंग हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 24.03.2025 को 15:00 बजे तक। प्री–बिड मीटिंग: 10.03.2025 को 11:30 बजे।
2. खुली ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./रिटायरिंग रूम/मार्च/25 – विभिन्न रेलवे स्टेशनों एसआईएनए (ई) = 254.89 वर्ग मीटर पर रिटायरिंग रूम का नवीनीकरण, परिचालन, रखरखाव एवं ट्रांसफर बैक। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
3. ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/खुली निविदा/मार्च–25 – निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों चरखी दादरी (डी) = 64.12 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)–ए = 48 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)–बी = 48 वर्ग मीटर में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
4. खुली ई–निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./जन आहार/मार्च 25/छह माह – 6 माह की अवधि एवं आगे विस्तार योग्य के लिए जन आहार में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–निविदा–सह–ई–नीलामी बोली दस्तावेज। एनडीएलएस (ए1) = 153.29 वर्ग मीटर। प्री–बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com या www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन के लिए यदि कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो उसे केवल www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लि., चतुर्थ तल, टॉवर डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली 110029, फोन: 011 35464020



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मुन्ना पुत्रः राम किशोर तिवारी, पताः** अनिल का मकान नियर दालू मार्किट, डेरा गाँव फतेहपुर बेरी दक्षिणी दिल्ली, **FIR No. 314/2020, U/s 33/38 Delhi Ex. Act,** थानाः फतेहपुर बेरी, जिला दक्षिणी दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 314/2020, U/s 33/38 Delhi Ex. Act,** थानाः फतेहपुर बेरी, जिला दक्षिणी दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अशीष कुमार मीणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली

DP/2556/SD/2025
(Court Matter)


## पुणे रेप केस मामले में आरोपी गाडे गिरफ्तार



**पुणे।** यहां रेप केस मामले में आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे को पुणे अपराध शाखा की एक टीम ने पुणे जिले के शिरूर तहसील के एक गांव से हिरासत में लिया है। पुणे सिटी पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। इस मामले पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के बाद कहानी सबके सामने आएगी।

## पुरी में नड्डा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समिट की शुरुआत की

# मिशन की सराहना की, देशभर में सफल स्वास्थ्य पहलों के नवाचारों को प्रस्तुत करें

एजेंसी ▶▶ पुरी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को ओडिशा के पुरी में 9वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समिट का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य देशभर में सफल स्वास्थ्य पहलों और नवाचारों को प्रस्तुत करना है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इस मिशन ने बेहतरीन प्रगति की है। उन्होंने ओडिशा में मातृ मृत्यु दर में आई गिरावट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने बहुत अच्छा काम किया है। इस दौरान हमारी प्रगति काफी प्रभावशाली रही है।

### देशभर के स्वास्थ्य मंत्रियों, विशेषज्ञों की रही भागीदारी



इस शिखर सम्मेलन में देशभर के स्वास्थ्य मंत्रियों, नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और अन्य प्रमुख हितधारकों की भागीदारी रही। इस अवसर पर ओडिशा के उपमुख्यमंत्री प्रवती परिडा ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार मुझसे कहा था कि ओडिशा को सिर्फ आध्यात्मिक पर्यटन ही नहीं, बल्कि मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन को भी बढ़ावा देना चाहिए। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### 2 दिनी होगा आयोजन

उन्होंने यह भी बताया कि विदेशी प्रतिनिधि भी इस शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। मंत्रालय ने कहा कि दो दिवसीय यह शिखर सम्मेलन स्वास्थ्य नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों और प्रमुख हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा।

**कुमारी सैलजा ने गडकरी को लिखा पत्र**

# एनएस-9 सिरसा-हिसार पर लाइट व संकेतक लगवाने की मांग उठाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने एनएच-9 डबवाली से हिसार तक खराब पड़ी लाइटें और कुछ स्थानों पर लाइट का प्रबंध करने व संकेतक लगवाने के लिए केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी को पत्र लिखते हुए कहा है कि लाइट और संकेतक के अभाव में वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है, गलत दिशा में जाकर उन्हें भटकना पड़ता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हिसार-सिरसा चारमार्गीय एनएच-9 पर फतेहाबाद नगर स्थित है जब यात्री हिसार से फतेहाबाद और फतेहाबाद से सिरसा की ओर प्रवेश करता है इस मार्ग पर पहली बार आने वाले यात्रियों खासकर रात में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि इन दोनों ही स्थानों पर न तो लाइट का कोई प्रबंध है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाए गए है। ऐसे में सिरसा आने वाले यात्री वाहन डबवाली की ओर चला जाता है और फतेहाबाद आने वाले वाहन भी गलत दिशा में चले जाते हैं। इसके अतिरिक्त हिसार से डबवाली के बीच मुख्य-मुख्य कस्बों और गांवों के पास 41 किमी लंबा नाला बनाया गया है जिस पर 61 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है, नाले का स्लैब टूटने के कारण वह वर्तमान में अनुपयोगी है, बरसाती पानी की निकासी न होने पर करोड़ों रुपए की बर्बादी हुई है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



### वाहन चालकों को आ रही परेशानी

*सैलजा ने पत्र में लिखा है कि एनएच-9 पर अनेक स्थानों पर लाइटें बंद पड़ी है, गांव मोरीवाला, भावदीन, डिंग मोड, गिल्लाखेड़ा, ढाणी चानन, दरियापुर, फतेहाबाद बाइपास, रतिया , भूना बाइपास, बड़ोपल, धांगड, खाराखेडी, अग्रोहा आदि स्थानों पर यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनकी ओर से 12 दिसंबर 2024 को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया था। जिसके जवाब में कहा गया था कि हिसार-डबवाली खंड पर 2622 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की और प्रकाश व्यवस्था चालू कर दी गई है जबकि वास्तविक स्थिति में स्ट्रीट लाइटें अभी तक खराब पड़ी है। सैलजा ने अनुरोध किया कि इस बारे में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।*


**राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा निर्वाचन सदन, प्लॉट नं. 2, सेक्टर 17, पंचकूला**

दूरभाष 0172.2584810 वेबसाइट - www.secharyana.gov.in
मतदान दिवस - 02 मार्च, 2025
मतदान का समय 8:00 बजे सायं 6:00 बजे तक
7 नगर निगम, 4 नगरपरिषद् के आम चुनाव

जिन मतदाताओं को अभी तक मतदाता फोटो पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं लेकिन उनका नाम नगरनिगम / नगरपरिषद् की वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिये निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत करना होगाः-

1. पासपोर्ट
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड)
4. केन्द्रीय / राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों एवं अन्य सार्वजनिक निकायों एवं अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र
5. प्राधिकृत बैंक या पोस्ट आफिस खाते की पास बुक जिसमें फोटो लगी हो।
6. स्वतंत्रता सेनानी पहचान-पत्र फोटो सहित
7. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र फोटोग्राफ सहित
8. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र फोटोग्राफ सहित
9. फोटोग्राफ सहित शस्त्र लाइसेंस
10. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जाब कार्ड फोटोग्राफ सहित
11. सम्पत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा, पंजीकृत दस्तावेज आदि फोटोग्राफ सहित
12. पेंशन दस्तावेज़ फोटोग्राफ सहित जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक / पेंशन भुगतान आदेश, पूर्व सैनिक की विधवा / आश्रित प्रमाण-पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश
13. स्वास्थ्य बीमा योजना के स्मार्ट कार्ड फोटोग्राफ सहित
14. राशन कार्ड फोटोग्राफ सहित
15. यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा जारी आधार कार्ड

"छोड़ो बाकी सारे काम, पहले चलो करें मतदान।"
स्वतंत्र, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जनता का सहयोग जरूरी है।

**राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www@diprharyana.gov.in | Follow as on @diprharyana

पीआरडीएच-1034/11/16/2025/32564/88/7 दि. 28.02.2025

## भारत, जापान ने 75 अरब डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नवीनीकृत बीएसए शुक्रवार (28 फरवरी, 2025) से प्रभावी हो गया है।

# आज से एलपीजी सिलेंडर से लेकर म्यूचुअल फंड और एफडी में होंगे बड़े बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 मार्च 2025 से कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे।

■ आम आदमी के जेब पर दिखेगा असर

इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें, म्यूचुअल फंड से जुड़े नियम, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नियम, बैंकों की छुट्टियां और यूपीआई पेमेंट सिस्टम शामिल हैं। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च 2025 को भी गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जा सकती हैं, जिससे सिलेंडर सस्ता या महंगा हो सकता है। यह बदलाव आपके घरेलू बजट पर सीधा प्रभाव डालेगा क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से रसोई खर्च बढ़ सकता है और घटाने से राहत मिल सकती है। बता दें, 1 फरवरी को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में कटौती देखने को मिली थी।

### फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

1 मार्च से एफडी के नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। बैंकों ने एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में बदलाव किए हैं, जो आपके निवेश पर रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप एफडी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इन बदलावों को समझना आपके लिए फायदेमंद होगा।

■ बैंकों ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव किए गए




### म्यूचुअल फंड से जुड़ा नियम बदलेगा

सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियमों में 1 मार्च 2025 से बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब निवेशक अपने डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट सिस्टम

यूपीआई पेमेंट सिस्टम में भी बदलाव होने जा रहे हैं। नए नियम के तहत, बीमा-एएसबी सर्विस को यूपीआई सिस्टम में जोड़ा जा रहा है, जिससे लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट ब्लॉक कर सकेंगे। यह बदलाव बीमा प्रीमियम के भुगतान को और अधिक आसान बनाएगा।

### बैंकों की छुट्टियां

मार्च 2025 में बैंकों की छुट्टियों में भी बदलाव होगा। इस महीने में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले से योजना बनानी होगी। यह बदलाव आपके वित्तीय लेन-देन को प्रभावित कर सकता है। इन सभी बदलावों के साथ, 1 मार्च 2025 से आपकी वित्तीय योजनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चिततता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में



रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है।

बृहस्पतिवार को रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 87.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## भारत को उच्च आय वाला देश बनने 7.8% वृद्धि की जरूरत

भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने वृद्धि करनी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के

■ विश्व बैंक ने जारी रिपोर्ट में दी जानकारी



बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, "हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा।

### त्वरित पैकेज सुधार ही एक रास्ता

इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, "साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है।"



**नई दिल्ली।** यूको बैंक द्वारा विकसित भारत @2047- बैंकों की भूमिका विषय पर यूको बैंक जी. डी. बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। जिसमें यूको बैंक नई दिल्ली अंचल की समस्त शाखाओं के शाखा प्रबंधक, दिल्ली अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्य एवं राजभाषा प्रधान कार्यालय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंशुली आर्या, आई.ए. एस. सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार थीं। मुख्य वक्ता के रूप में श्री बी.एन. मिश्रा, वरिष्ठ सलाहकार (भारतीय बैंक संघ) उपस्थित थे।

## क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, एथेरियम डॉगकॉइन हुई धड़ाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिप्टोकरेंसी में इस समय भूचाल आया हुआ है। बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन समेत कई बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। पिछले 5 दिनों में इनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा तक गिर गई है। सबसे ज्यादा नुकसान दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टो एथेरियम को हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। शुक्रवार शाम इसकी कीमत 69.94 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 16 फीसदी की गिरावट आई है। एक महीने में स्थिति और बुरी रही है। पिछले एक महीने में बिटकॉइन की कीमत 22 फीसदी गिर गई है।

### एथेरियम एक माह में 30 फीसदी लुढ़की

*बिटकॉइन के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे महंगी करेंसी है। शुक्रवार को इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। शाम इसकी कीमत 1.86 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिन की बात करें तो इसमें 23 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में एथेरियम में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो यह 30 फीसदी से ज्यादा लुढ़क चुकी है।*

### रिपल एक माह में 33 फीसदी गिर चुकी

इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम भी टॉप की क्रिप्टो में आता है। लेकिन गिरावट के दौर से यह भी नहीं बची है। शुक्रवार को यह 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 177.76 रुपए थी। पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं एक महीने में यह क्रिप्टो 33 फीसदी गिर चुकी है।

### मस्क की पसंदीदा करेंसी डॉगकॉइन

इस क्रिप्टोकरेंसी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की फेवरेट करेंसी भी कहा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद इसमें काफी तेजी आई थी, लेकिन अब गिरावट आ रही है।

## तुहिन पांडेय: 3 साल बाद नौकरशाह बने बाजार नियामक सेबी के प्रमुख

**नई दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी नौकरशाह और नियमों के पक्के वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय तीन साल के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख होंगे। पांडेय 1987 बैच के ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह माधबी पुरी बुच की जगह लेंगे, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। बुच सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और निजी क्षेत्र से चुनी गईं पहली सेबी चेयरपर्सन भी हैं। सेबी प्रमुख का पद ज्यादातर अनुभवी नौकरशाहों के पास रहा है। यह हालिया महीनों में किसी नियामक संस्था के शीर्ष पर नौकरशाह की दूसरी नियुक्ति है। दिसंबर 2024 में सरकार ने शक्तिकान्त



दास की सेवानिवृत्ति के बाद राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का गवर्नर नियुक्त किया था। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग तथा विपक्षी दल कांग्रेस ने भी उनपर कई आरोप लगाए थे। इस पृष्ठभूमि में, सरकार ने एक अनुभवी नौकरशाह पांडेय को नियामक निकाय का प्रमुख चुना, जिनके पास सरकार के विनिवेश व निजीकरण कार्यक्रमों को संभालने का व्यापक अनुभव है। मृदुभाषी पांडेय नियम पुस्तिका का पालन करने और काम पूरा करने के लिए पहचाने जाते हैं। दीपम (डीआईपीएएम) सचिव के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान ही एयर इंडिया का निजीकरण किया गया था, जबकि ऐसा करने के कई प्रयास पहले असफल रहे थे। पांडेय ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की योजनाओं की भी देखरेख की।

## पोको एम7 5जी को लॉन्च करने के लिए तैयार

**बेंगलुरु।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको अपने नए स्मार्टफोन, पोको M7 5G को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है इस। इसे इस सेगमेंट में एक बड़ी पेशकश माना जा रहा है। दमदार प्रदर्शन और बेहतरीन मल्टीटास्किंग पर फोकस करते हुए, पोको M7 5G अपने सेगमेंट में अकेला स्मार्टफोन है, जिसमें 12 जीबी रैम (6 जीबी टर्बो रैम) और स्नैपड्रैगन® 4 जेन 2 प्रोसेसर की खूबी है। यूजर्स को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, पोको M7 5G बेहतरीन मल्टीटास्किंग, शानदार प्रदर्शन और बेजोड़ दक्षता प्रदान करता है, जो इसे अपनी श्रेणी में गेम-चेंजर बनाता है। डिवाइस का पहला लुक कल पोको इंडिया के सोशल मीडिया पर एक विशेष केवी ड्रॉप के माध्यम से पेश किया गया जिससे उत्साह काफी बढ़ गया है। पोको M7 5G शानदार परफॉर्मेंस, बेहतरीन मल्टीटास्किंग और पावर-पैक दक्षता सुनिश्चित करता है। लॉन्च से पहले रोमांच बढ़ाने के लिए, डिवाइस का पहला लुक कल पोको इंडिया के सोशल मीडिया हैंडल पर केवी ड्रॉप के माध्यम से पेश किया गया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. संजय** पुत्र **कैलाश** निवासी **म. नं. 540, गली नंबर 2, होलंबिक कलां, मेट्रो विहार, बाहरी जिला, दिल्ली 2. मनोज** पुत्र **पापन** निवासी **ई–13ए, 110टी, हर्ष नाला न्यू सीलमपुर उत्तर पूर्वी दिल्ली, 3. अमन** पुत्र **अशोक** निवासी **म.नं. 61, फेज–1, होलंबिक कलां मेट्रो विहार, बाहरी जिला दिल्ली** ने case **FIR No. 382/18 U/s 4(a) DPT MA Tourist Act 2010, थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. संजय 2. मनोज 3. अमन** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. संजय 2. मनोज 3. अमन** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 382/18 U/s 4(a) DPT MA Tourist Act 2010, थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. संजय 2. मनोज 3. अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री उदभव कुमार जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम तल–04
कमरा नं. 13, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2344/ED/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशोरी लाल** पुत्र **गया प्रसाद** निवासी **म.नं. जे–132, टीचर कॉलोनी, नांगलोई, दिल्ली** ने case **FIR No. 587/20 U/s 12/9/55 Gambling Act, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **किशोरी लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **किशोरी लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 587/20 U/s 12/9/55 Gambling Act, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशोरी लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2484/OD/2025(Court Matter)

**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गयी जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत थी। इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 प्रतिशत, इस्पात उत्पादन 3.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी।

■ कोयला उत्पादन 4.6 % बढ़ा



### आईआईपी का 40.27 फीसदी योगदान

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है, जो समग्र स्तर पर औद्योगिक वृद्धि को मापता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार हॉरिजंटल ऑटोक्लेव की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 2.41 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार वर्टिकल ऑटोक्लेव की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 1.01 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलैंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.02.2025 21.03.2025 | 33.88 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/32566/I/88/7 दि. 28.02.25

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2025/1738/338 E-procurement Tender Notice भिलाई दिनांक 20/02/2025
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य। | 165057 | 193.74 लाख | 12.03.2025 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे आनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, परियोजना

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5793




**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5792 का हल**





# इंटरनेशनल मास्टर लीग: सचिन-लारा के बीच 8 को होगी भिड़ंत, 500 रुपये में मिलेगा सबसे सस्ता टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंटरनेशनल मास्टर लीग का आगाज मुंबई से हो चुका है। इस बार 6 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच राजधानी के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। इस लीग में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे।

रायपुर में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखना का मौका मिलेगा। मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर का चयन किया गया है।

- लीग के 7 मैच रायपुर में खेले जाएंगे, इंडिया का एक ही मैच होगा
- रायपुर में होंगे दो सेमीफाइनल और फाइनल






### पहले दिन महंगी टिकटों की बिक्री

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं। स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है, और इसके लिए दो ब्लॉक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं। वहीं, लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये है, गोल्ड टिकट की कीमत 6000 रुपये, प्लेटिनियम टिकट 8000 रुपये और कॉर्पोरेट बॉक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है। केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट की कीमत भी काफी महंगी है। बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है, जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है।

### 7 मार्च को रायपुर में आएंगे खिलाड़ी

लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है। ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकता है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा। 7 मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और शाम या सुबह के समय मैदान में अभ्यास करेंगे। मैच 7:30 बजे से शुरू होगा, और इस मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### इस दिन होंगे मैच

| | |
|---|---|
| 8 मार्च : | इंडिया मास्टर्स बनाम वेस्टइंडीज मास्टर्स |
| 10 मार्च : | श्रीलंका मास्टर्स बनाम इंग्लैंड मास्टर्स |
| 11 मार्च : | वेस्टइंडीज मास्टर्स बनाम दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स |
| 12 मार्च : | इंग्लैंड मास्टर्स बनाम ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स |
| 13 मार्च | : सेमीफाइनल 1 |
| 14 मार्च | : सेमीफाइनल 2 |
| 16 मार्च | : फाइनल |

रायपुर आएंगी ये टीमें

| | |
|---|---|
| इंडिया मास्टर्स | : सचिन तेंदुलकर |
| ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स | : शेन वॉटसन |
| इंग्लैंड मास्टर्स | : इयोन मोर्गन |
| श्रीलंका मास्टर्स | : कुमार संगकारा |
| वेस्टइंडीज मास्टर्स | : ब्रायन लारा |
| साउथ अफ्रीका मास्टर्स | : जैक्स कैलिस |

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के सामने अब दिल्ली की कड़ी चुनौती

**बेंगलुरु।** अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वडोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी। इनमें यूपी वारियर्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार भी शामिल है।

### आईपीएल के दौरान ही खेली जाएगी पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा।



पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान किया जाएगा।

### जिज्प के साथ अभ्यास से मिला फायदा

**नई दिल्ली।** विश्व कप 1990 चैंपियन नीदरलैंड के साइमन जिज्प के साथ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से ठीक पहले सप्ताह भर के गोलकीपिंग शिविर से भारतीय



महिला टीम को बेहतर प्रदर्शन में काफी मदद मिली। शिविर में अनुभवी सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम और युवा बांसरी सोलंकी ने भाग लिया जिसमें फोकस तकनीकी कौशल, मैच जागरूकता और मानसिक अनुकूलन पर था। साइमन नीदरलैंड की महिला और पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं। वह 2016, 2020 और 2024 ओलंपिक में गोलकीपिंग कोच थे जब नीदरलैंड ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया।

### दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग की तालिका में शुक्रवार को शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। पहले गेंदबाजी करने वाली दिल्ली टीम ने पहले सत्र की विजेता मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। जोनासेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन अहम विकेट लिये। जवाब में दिल्ली के लिये कप्तान मेग लैनिंग ने 49 गेंद में नाबाद 60 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में 43 रन बनाकर दिल्ली को शानदार शुरूआत दी।

## बारिश के कारण मैच बेनतीजा, दोनों को एक-एक अंक मिला

# अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश में धुला आस्ट्रेलिया चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶ लाहौर

अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी का अहम मुकाबला बारिश के कारण शुक्रवार को रद्द होने के बाद आस्ट्रेलिया ने चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच उस समय बारिश के कारण रोकना पड़ा जब 274 रन के लक्ष्य के जवाब में आस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिये थे। मैदानकर्मियों की तमाम कोशिशों के बावजूद पिच पर कई जगह पानी भर गया था जिसे देखकर अंपायरों ने मुआयने के बाद मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच पूरा करने के कटआफ समय से एक घंटा पहले बारिश आ गई थी। आस्ट्रेलिया ने चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में उसका पिछला मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश के समय ट्रेविस हेड 40 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाकर खेल रहे थे।

- अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी
- सेदिकुल्लाह अटल ने खेली 85 रन की पारी



### शीर्ष गेंदबाज नहीं खेल रहे मैच

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना खेल रही है। मिचेल मार्श, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। दूसरी ओर मार्कस स्टोइनिस ने इवेंट से पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है। ऐसे में टीम की गेंदबाजी लाइनअप में अनुभव की कमी साफ झलक रही है।

### मुफ्त में दे दिए 37 रन

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 एक्ट्रा रन दे दिए। स्पेंसर जॉनसन, बेन इ्वारशुइस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट ने वाइड बॉल कीं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज का खाता नहीं खुला। वहीं रहमत शाह ने 12, मोहम्मद नबी ने 1, गुलबदीन नायब ने 4 और नूर अहमद ने 6 रन बनाए। ये 5 बल्लेबाज मिलकर 23 रन ही बना पाए। दूसरी ओर टीम को 37 रन मुफ्त में मिल गए।

### एक पारी में अतिरिक्त रन

| रन | टीम | खिलाफ | शहर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 42 | भारत | केन्या | द रोज बाउल | 2004 |
| 38 | नीदरलैंड | श्रीलंका | कोलंबो | 2002 |
| 37 | ऑस्ट्रेलिया | अफगानिस्तान | लाहौर | 2025 |
| 36 | श्रीलंका | बांग्लादेश | मोहाली | 2006 |
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | जोहान्सबर्ग | 2009 |


### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज बो जॉनसन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| जदरान का लाबुशेन बो जम्पा | 22 | 28 | 2 | 0 |
| अटल का स्मिथ बो जॉनसन | 85 | 95 | 6 | 3 |
| शाह का इंगलिस बो मैक्सवेल | 12 | 21 | 1 | 0 |
| शाहिदी का लाबुशेन बो जम्पा | 20 | 49 | 1 | 0 |
| उमरजइ का कारी बो इ्वारशुइस | 67 | 63 | 1 | 5 |
| मोहम्मद नबी रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| नायब का इंगलिस बो एलिस | 04 | 12 | 0 | 0 |
| राशिद का मैक्सवेल बो इ्वारशुइस | 19 | 17 | 2 | 0 |
| नूर का इंगलिस बो इ्वारशुइस | 06 | 08 | 0 | 0 |
| फजलहक फारुकी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 37, योग : 50 ओवर में 273/10
गेंदबाजी : जॉनसन 10-0-49-2, इ्वारशुइस 9-0-47-3, एलिस 10-0-60-1, मैक्सवेल 6-1-28-1, जम्पा 8-0-48-2, शॉर्ट 7-0-21-0.

## टेनिस

### सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर के नामांकन से हटाया



एजेंसी ▶▶ लंदन

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है। इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

### टालोन दुबई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**दुबई।** टालोन ग्रिक्सपुर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के खिलाफ चार मैच प्वाइंट बचाकर 2-6, 7-6 (7), 7-5 से जीत दर्ज करके दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रिक्सपुर ने पहले दौर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाकर रोमन सफीउलिन को हराया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को गत चैंपियन उगो हम्बर्ट को बाहर का रास्ता दिखाया था। ग्रिक्सपुर का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने माटेओ बेरेटिनी को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में फ़ेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 3-6, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला हराकर क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से होगा, जिन्होंने लुका नारडी को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।

### विदर्भ ने बनाई 37 रन की बढ़त केरल के सचिन शतक से चूके

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में केरल की टीम का सामना विदर्भ से हो रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन का खेल अब समाप्त हो चुका है। आदित्य सरवटे की 79 रन की पारी और सचिन बेबी के 98 रन के दम पर केरल की टीम ने विदर्भ की टीम का डटकर सामना किया। तीसरे दिन स्टंप्स तक केरल की टीम 342 रन पर ऑलआउट हो गई। सचिन बेबी अपने शतकीय पारी से महज 2 रन से चूके। इससे पहले विदर्भ की टीम ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे।

### जोस बटलर ने छोड़ी कप्तानी, शर्मनाक रहा इंग्लैंड का प्रदर्शन

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 इंग्लैंड टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। टीम को अपने पहले दोनों मैच में ही हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में टीम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। अब इंग्लैंड के वनडे और टी20 कप्तान जोस बटलर ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 मार्च को वह बतौर कप्तान अपना आखिरी मैच खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड के प्रदर्शन की बात करें तो उन्हें पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 22 फरवरी को लाहौर में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया। अपने दूसरे मैच इंग्लैंड टीम की टक्कर अफगानिस्तान से हुई। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम अफगानिस्तान से भी हार गई। अफगान टीम ने इंग्लैंड को 8 रन से शिकस्त दी।

## प्रज्ञानानंद ने फिर से ड्रॉ खेली चिदंबरम ने कीमर को हराया

एजेंसी ▶▶ प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे। अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।

अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने



नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

## शुभमन गिल उपलब्ध, विश्राम के दिन अकेले किया अभ्यास

**दुबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की अटकलों पर विराम लगाते हुए भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आधिकारिक विश्राम के दिन कुछ सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास के लिए आईसीसी क्रिकेट अकादमी आए। गिल बुधवार को अभ्यास छोड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने विशेषज्ञों और यूएई के नेट गेंदबाजों के थ्रो-डाउन के साथ दो घंटे तक मेहनत की। गिल ने बुधवार को भारतीय टीम के साथ अभ्यास नहीं किया था जिसके बाद उनकी उपलब्धता पर कयास लगाए जा रहे थे। बीसीसीआई प्रबंधन ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह ठीक हैं और आराम के लिए एक दिन की छुट्टी ले रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लगभग 300 रन बनाने के बाद गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था। भारत को अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। यह मुकाबला दो मार्च को दुबई में खेला जाएगा।

## ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, द.अफ्रीका और अफगानिस्तान दौड़ में शामिल

# सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ कराची

दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा।

ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ



रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था।

### रूट को छोड़कर सबने किया निराश

रूट को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ नहीं दिखता है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला में उसे सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम को हार के इस क्रम को तोड़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में रूट ने 120 रन की शानदार पारी खेली थी लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। इंग्लैंड को अपने पहले मैच में गेंदबाजों की नाकामी के कारण ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

महत्वपूर्ण सूचना

खाटू श्याम जी मेला-2025 के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

खाटू श्याम जी मेला-2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

09725/09726 जयपुर - शकूरबस्ती - ढेहर का बालाजी मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09725 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09726 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | जयपुर जं. | ---- | ---- |
| 07:07 | 07:10 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | -- |
| 14:30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 15:50 |

चलने की तिथि: 09725 जयपुर जं. से और 09726 शकूरबस्ती से प्रतिदिन दिनांक 01.03.2025 से 15.03.2025 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : ढेहर का बालाजी, नीन्दड़ बनाड़, चौमूं सामौद, गोविन्दगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर और बहादुरगढ़ स्टेशन

09727/09728 मदार जं.-कुरूक्षेत्र जं.-मदार जं. मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09727 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09728 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:20 | मदार जं. | 08:00 | ---- |
| 19:40 | ---- | कुरूक्षेत्र जं. | ---- | 21:25 |

चलने की तिथि: 09727 मदार जं. से और 09728 कुरूक्षेत्र जं. से प्रतिदिन दिनांक 05.03.2025 से 08.03.2025 और 09.03.2025 से 12.03.2025 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना और कैथल स्टेशन।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
666/25
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बर्फबारी-बारिश ने फिर बढ़ाई ठंड

# सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की जमी मोटी परत, जम्मू कश्मीर में सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित, यातायात ठप

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/शिमला

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई सड़कों को बंद कर दिया गया। श्रीनगर और कुपवाड़ा में बर्फबारी के कारण सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की मोटी परत जमी हुई हैं।

### बर्फबारी से मार्ग बंद



हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में हुई भारी बर्फबारी।

### पूरे क्षेत्र में बिछी बर्फ की सफेद चादर

बर्फबारी की वजह से तापमान में गिरावट आई है। राजोरी, डोडा और भलेसा जिलों में भारी बर्फबारी हुई है। अनंत नाग में भी भारी बर्फबारी देखी गई। भारी बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सफेद हो गया। पीर पंजाल पर्वत श्रेणी के ऊंचे क्षेत्रों में लंबे समय के बाद बर्फबारी हुई। श्रीनगर हवाई अड्डे पर भारी बर्फबारी के बाद रनवे से बर्फ हटानी पड़ी।

### श्रीनगर के कई जिलों में बर्फबारी



श्रीनगर में सड़कों और कारों पर जमी बर्फ

मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है



मनाली शहर के ऊपर बादलों से हुई बारिश



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भूस्खलन में धंसी कारें।

### लाहौल और स्पीति में ऑरेंज अलर्ट जारी

*हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति क्षेत्र में भी भारी बर्फबारी हुई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। लाहौल और स्पीति जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों को केवल सुरक्षित मार्गों पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। लाहौल-स्पीति के कार्यकारी उपायुक्त रजनीश शर्मा ने कहा कि बर्फबारी की वजह से सभी सड़कें फिलहाल बंद कर दी गई हैं। जिले को मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है। बर्फबारी जारी है और जैसे ही यह रुकेगी, सड़क साफ करने का काम शुरू हो जाएगा। बर्फबारी रुकने के बाद प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने का काम शुरू हो जाएगा।*



उत्तराखंड के चमोली घाट में शहर पर जमी बर्फ

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गुल



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के पूरे इलाके में बर्फबारी

## खबर संक्षेप

### कड़े टैरिफ पर ट्रूडो की राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी



**टोरंटो।** अमेरिका ने कनाडा से आयात पर नए कड़े टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। 4 मार्च से कनाडा पर टैरिफ लगाया जाएगा। कनाडा के निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका के इस फैसले को लेकर ट्रंप को चेतावनी दी है। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहा है कि मंगलवार और उसके बाद के हफ्तों में अमेरिका द्वारा उन पर कोई टैरिफ न लगे। हम इसे रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अगर अमेरिका हम पर अनुचित टैरिफ लगाता है तो हम कड़ी प्रतिक्रिया देंगे, जिसकी उम्मीद कनाडा वासियों को है। ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका में फेंटानाइल ड्रग्स के संकट की वजह से कनाडा पर टैरिफ लगाया जा रहा है, जो सरासर गलत आरोप है।

### लातूर में तीन हजार से अधिक बांग्लादेशी



**लातूर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के लातूर में 3,056 बांग्लादेशियों को फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। लोकसभा के पूर्व सदस्य ने जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। सोमैया ने दावा किया कि फर्जी दस्तावेज जमा करने के बाद महाराष्ट्र में 1.23 लाख से अधिक बांग्लादेशियों ने जन्म प्रमाण पत्र हासिल कर लिए हैं। लातूर में, तहसील कार्यालय में सिर्फ आधार कार्ड जमा करके बांग्लादेश के 3,421 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 3,056 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र मिल गए।

## फ्रांस के इकोले डी गुएरे में आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए बोले सेनाप्रमुख

# सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य रूप से बढ़ाया जाए वैश्विक सहयोगः जनरल द्विवेदी

◆ सेनाप्रमुख ने 23 से 27 फरवरी तक फ्रांस दौरे पर रहे ◆ स्कॉर्पीन डिवीजन की लाइव फायरिंग का लिया जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चिंताजनक वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच फ्रांस की अपनी साप्ताहिक यात्रा के दौरान इकोले डी गुएरे में फ्रेंच जाइंट स्टाफ कॉलेज में भारत के रणनीतिक अवलोकन और क्षेत्रीय भू-राजनीतिक स्थिति पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उभरते हुए सुरक्षा परिवेश और चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सहयोग बढ़ाए जाने की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) ने शुक्रवार को एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि सेनाप्रमुख ने अपने संबोधन में 68 देशों के 98 अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों, दर्शकों को देश के रणनीतिक परिदृश्य क्षेत्रीय भू-राजनीतिक गतिशीलता का व्यापक अवलोकन किया। यहां बता दें कि सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी बीते 23 फरवरी से 27 फरवरी तक फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर थे।

यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी



### शहीदों को श्रद्धांजलि, सुरक्षा तैयारियां परखीं



एक अन्य पोस्ट में एडीजीपीआई ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने फ्रांस के न्यूव शापेल स्थित युद्ध स्मारक पर प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक वैश्विक शांति को बनाए रखने की भारत की प्रतिबद्धता का मजबूत प्रतीक है। जो कि शहीदों की याद को भी हमारी स्मृतियों में जीवंत बनाए रखता है। अपनी यात्रा में वह फ्रांस की तीसरी डिवीजन के केंद्र, फोर्ट गंटोम का दौरा किया। जिसमें इस सैन्य केंद्र की भूमिका और इस वर्ष फ्रांस में आयोजित किए जाने वाले संयुक्त शक्ति युद्धाभ्यास से जुड़ी हुई तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा सेनाप्रमुख ने फ्रांस की स्कॉर्पीन डिवीजन द्वारा की गई लाइव फायरिंग का जायजा भी लिया। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए की गई थी।

## खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में फिदायीन हमला

# जुमे की नमाज के दौरान बम धमाका, 6 की मौत



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद के बाहर हुए धमाके में पाकिस्तान में 'फादर ऑफ तालिबान' मौलाना समी-उल हक के बेटे मौलाना हमिद उल हक हक्कानी की मौत हो गई है। शुक्रवार की नमाज के दौरान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के नौशहरा शहर के पास अखोरा खट्टक इलाके में दारुल उलूम हक्कानी मदरसे में हुए एक संदिग्ध आत्मघाती विस्फोट में 6 लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।

### तालिबान का लॉन्चिंग पैड था मदरसा

आतंकवादी समूह तालिबान के जनक के रूप में जाने जाने वाले पाकिस्तानी मौलवी मौलाना समी-उल-हक की भी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह रावलपिंडी के गैरीसन शहर में मारा गया था। 82 वर्षीय हक पाकिस्तान और अफगानिस्तान में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था और उसके विचारों का सीमा के दोनों ओर के तालिबानों के बीच काफी महत्व था। अफगान सीमा के मुख्य मोटरमार्ग से दूर एक धूल भरे पाकिस्तानी शहर में स्थित, उसका दारुल उलूम हक्कानिया विश्वविद्यालय 1990 के दशक में तालिबान के लिए लॉन्चिंग पैड था और अभी भी यहां आतंकी तैयार किए जाते हैं।

### आत्मघाती हमले का शक

*विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी। शुरुआत जांच के अनुसार, ये एक आत्मघाती हमला था। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने बताया अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो चुकी है।*

## काठमांडू जा रहा विमान किया डायवर्ट

# नेपाल के विदेश मंत्री के प्लेन की कोलकता में 'इमरजेंसी लैंडिंग'

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को लेकर काठमांडू जाने वाले कतर एयरवेज के विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। खराब मौसम के कारण त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने में विफल होने के बाद फ्लाइट को कोलकाता डायवर्ट किया गया।

देउबा जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लेने के बाद नियमित उड़ान से घर लौट रहे थे। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, दोहा से कतर एयरवेज का विमान खराब मौसम की स्थिति के बीच कोलकाता में उतरा।




### नेपाल में 6.1 की तीव्रता का भूकंप

नेपाल में शुक्रवार सुबह 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके बिहार, सिलीगुड़ी, सिक्किम और दार्जिलिंग तक महसूस किए गए। भूकंप के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 65 किलोमीटर पूर्व में सिंधुपालचौक जिले के भैरवकुंडा में था।

## लाओस को भारत ने की एक मिलियन डॉलर की मदद

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) को एक मिलियन डॉलर की सहायता दी है। यह सहायता भारत-यूएन विकास साझेदारी कोष के तहत दी गई। इसका उद्देश्य खाद्य पोषण को विशेष रूप से चावल के पोषण स्तर को बढ़ाना है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के मुताबिक इस परियोजना को विश्व खाद्य कार्यक्रम लागू करेगा। इसका मकसद लाओस में पोषण सुधारना, खाद्य व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है। भारत सरकार ने कहा कि यह सहायता भारत और लाओस के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है जो कई क्षेत्रों में सहयोग करते हैं। भारत-यूएन विकास साझेदारी कोष की शुरुआत जून 2017 में की गई थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों की मदद करना है ताकि वे स्थायी विकास लक्ष्यों को हासिल कर सकें। यह कोष स्थानीय जरूरतों और दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देता है। अब तक, भारत ने इस कोष में 150 मिलियन डॉलर देने का वादा किया है और 65 देशों में 85 परियोजनाओं का समर्थन किया है।

## पहली रैली में कुरान, भगवद् गीता, बाइबिल और त्रिपिटक का पाठ किया

# हसीना सरकार को अपदस्थ करने वाले छात्रों के मंच ने राजनीतिक पार्टी बनाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले छात्र समूह ने शुक्रवार को एक राजनीतिक दल के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि अब देश में भारत और पाकिस्तान समर्थक राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होगी। भेदभाव के खिलाफ छात्र (एसएडी) ने ढाका के माणिक मिया एवेन्यू में एक रैली आयोजित की और 'जातीय नागरिक पार्टी' या राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एनसीपी) गठित करने का फैसला किया। इसके संयोजक जुलाई-अगस्त विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक नाहिद इस्लाम हैं।



### भविष्य के बारे में करेंगे बात

छात्र नेताओं ने इस कार्यक्रम में एक घोषणापत्र भी जारी किया, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा वेटिकन और पाकिस्तान के राजनयिकों ने भी हिस्सा लिया। एनसीपी की पहली रैली कुरान, भगवद् गीता, बाइबिल और त्रिपिटक के पाठ के साथ शुरू हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। जुलाई विद्रोह के दौरान मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन भी रखा गया। एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा कि बांग्लादेश में भारत समर्थक और पाकिस्तान समर्थक राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होगी। हम बांग्लादेश और बांग्लादेश के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए देश का निर्माण करेंगे। हम भविष्य के बारे में बात करना चाहते हैं।

## 'नेशनल वाटरवे रेगुलेशन' निजी संस्थाओं के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा

# अंतरदेशीय जलमार्गों और टर्मिनलों का होगा विकास, बढ़ेगा इंफ्रास्ट्रक्चर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में निजी क्षेत्र के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विनियमनों के लागू होने से, निजी संस्थाएं अंतरदेशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ भारत के जलमार्गों को दिया जाएगा बढ़ावा

राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़कर 133 मिलियन टन हुई



### जलमार्ग आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन होंगे

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है। हाल ही में शुरू की गई जलवाहक योजना से निजी क्षेत्र की भागीदारी को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय जलमार्गों पर मौजूदा 4,700 मिलियन टन किलोमीटर से लगभग 17 प्रतिशत तक कार्गो परिवहन को प्रोत्साहित करना है।

### 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' प्राप्त करना होगा

निजी ससंस्थाओं को जेटी और टर्मिनल विकसित करने और संचालित करने में सक्षम बनाकर, ये नियम निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलते हैं, साथ ही लॉजिस्टिकल दक्षता में भी सुधार करते हैं। नए नियमों के तहत, निजी क्षेत्र सहित कोई भी संस्था, जो राष्ट्रीय जलमार्ग पर अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल विकसित या संचालित करना चाहती है, उसे आईडब्ल्यूएआई से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) प्राप्त करना होगा। मौजूदा और नए टर्मिनल, चाहे वे स्थायी हों या अस्थायी, इन विनियमों के अंतर्गत आते हैं। मंत्रालय ने कहा कि स्थायी टर्मिनलों को ऑपरेटर द्वारा आजीवन बनाए रखा जा सकता है, जबकि अस्थायी टर्मिनलों की अवधि आरंभिक पांच वर्ष होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है।

## वायुसेना चीफ एपी सिंह बोले

# देश को हर साल 35-40 फाइटर जेट की जरूरत, अब पीछे मुड़कर नहीं देख सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि भारत को हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों का उत्पादन करना होगा ताकि पुराने विमानों को बदला जा सके। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अगले साल से हर साल 24 तेजस एमके1ए विमानों का उत्पादन करेगा और सुखोई निर्माण व निजी क्षेत्र की भागीदारी से यह लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बेहद जरूरी बताया। यह बयान चाणक्य डायलॉग्स सम्मेलन में भारत 2047 युद्ध में आत्मनिर्भरता विषय पर चर्चा के दौरान आया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को प्राथमिकता देगी, भले ही उनकी क्षमता अंतरराष्ट्रीय विकल्पों से कुछ कम हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई स्वदेशी सिस्टम मुझे 85-90% क्षमता भी देता है, तो हम उसे अपनाएंगे। सिंह ने कहा कि दीर्घकालिक युद्ध की स्थिति में भारत को अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता बनाए रखनी होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109